आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -42 ■ अंक-026 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 25 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## निजी स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि पर लगेगी लगाम

### छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी किए कड़े निर्देश

**रायपुर,24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन ने निजी और अशासकीय विद्यालयों में 'छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020' को कड़ाई से लागू करने के लिए प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव द्वारा जारी इस आदेश का उद्देश्य पालकों से नियम विरुद्ध लिए जा रहे अधिक शुल्क पर रोक लगाना है। शासन ने स्पष्ट किया है, राज्य में 26 अगस्त 2020 से प्रभावी शुल्क विनियमन कानून के तहत प्रत्येक निजी स्कूल में 'विद्यालय फीस समिति' का गठन अनिवार्य है।



**8% की सीमा:** विद्यालय फीस समिति प्रतिवर्ष पिछले वर्ष के शुल्क से अधिकतम 8 प्रतिशत तक ही वृद्धि का अनुमोदन कर सकती है।

**विशेष अनुमति:** यदि कोई विद्यालय 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना चाहता है, तो उसे अनिवार्य रूप से 'जिला फीस समिति' से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा। निजी विद्यालयों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारियों और नोडल प्राचार्यों की जवाबदेही तय की है: जिला शिक्षा अधिकारी 'जिला शुल्क विनियमन समिति' के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे। नोडल प्राचार्य विद्यालय स्तर की समितियों में सदस्य बनकर समन्वय सुनिश्चित करेंगे। शासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है, नियम विरुद्ध शुल्क वृद्धि पाए जाने पर संबंधित निजी विद्यालय के विरुद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। राज्य में 26 अगस्त 2020 से छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020 लागू है। इस विधेयक के अध्याय-2 के कंडिका 3 के अनुसार प्रत्येक निजी विद्यालयों में, विद्यालय फीस समिति का गठन किया जाना है। विद्यालय फीस समिति प्रतिवर्ष, पूर्व वर्ष के शुल्क से अधिकतम् 8 प्रतिशत की सीमा में शुल्क वृद्धि का अनुमोदन कर सकेगी।

प्रत्येक निजी विद्यालय में फीस विनियमन समिति को क्रियाशील बनाया जाये। निजी विद्यालयों से समन्वय एवं नियंत्रण के लिए नोडल प्राचार्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है तथा नोडल प्राचार्य विद्यालय शुल्क विनियमन समिति के सदस्य भी होते हैं। विद्यालय फीस समिति में नोडल प्राचार्य भी सदस्य होते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शुल्क विनियमन समिति के सदस्य सचिव होते हैं। अतः जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्यों के माध्यम से निजी स्कूलों में छत्तीसगढ़ अशासकीय शुल्क अधिनियम का पालन सुनिश्चित करावें। नियम विरूद्ध शुल्क वृद्धि किये जाने पर निजी विद्यालय के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## नपा के कर्मचारी का नगर निगम में नहीं किया जा सकता स्थानांतरण: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है, नियमों और प्रावधान से साफ है, नगर पालिका के कर्मचारी का स्थानांतरण नगर निगम में नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच ने राज्य सरकार के स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया है। कुम्हारी नगर पालिका के सीएमओ का तबादला राज्य सरकार ने रायपुर निगम में कर दिया था। याचिकाकर्ता सीएमओनेतराम चंद्राकर ने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से स्थानांतरण आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता का स्थानांतरण सीएमओ कुम्हारी से जोन कमिश्नर के रूप में नगर निगम रायपुर किया गया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट के समक्ष पैरवी करते हुए कहा, नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी का स्थानांतरण नगर निगम में नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार को इसका अधिकार नहीं है। याचिका की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया है। रिट याचिका में 26 दिसंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है, राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विधि अधिकारी ने कहा, 1961 के अधिनियम के तहत नगरपालिकाओं के किसी कर्मचारी को नगर निगम में स्थानांतरित करने पर कोई रोक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, याचिकाकर्ता एक कर्मचारी है और इसलिए, प्रशासनिक आधार पर किए गए इस स्थानांतरण, पदस्थापन में सामान्य तौर पर हस्तक्षेप करने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ता का स्थानांतरण सेवा का एक अभिन्न अंग है और इसलिए, इस रिट याचिका में कोई दम नहीं है और तदनुसार, इसे खारिज कर दिया जाना चाहिए।

रिट याचिका की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई। याचिका की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, राज्य सरकार के वकील ने इस बात से इनकार नहीं किया है, याचिकाकर्ता कुम्हारी नगर परिषद का कर्मचारी है। 07 मार्च 2024 के आदेश से स्पष्ट है, याचिकाकर्ता कुम्हारी नगर परिषद का कर्मचारी होते हुए भी रायपुर नगर निगम में जोन कमिश्नर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर तैनात था। उसे 07 मार्च 2024 को ही वापस बुलाया गया था। अधिनियम, 1961 की धारा 86 (4) के तहत प्रावधान, जो राज्य सरकार को किसी कर्मचारी का स्थानांतरण करने का अधिकार प्रदान करता है।

नगर पालिका परिषद से नगर परिषद में ही कर्मचारियों के तबादले का प्रावधान है। नगर पालिका परिषद के किसी कर्मचारी को नगर निगम में तबादले, पोस्टिंग का कोई प्रावधान नहीं है। नगर निगम अधिनियम, 1956 की धारा 58 (5) के प्रावधान का अवलोकन करने से पता चलता है, यह राज्य सरकार को केवल एक नगर निगम से दूसरे नगर निगम में कर्मचारी के तबादले का अधिकार देता है।

## पासपोर्ट विवाद में पवन खेड़ा की बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली,24 अप्रैल।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक और बड़ा झटका लगा है। गुवाहाटी हाई कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर



की गई, उनकी टिप्पणियों को लेकर दर्ज एक आपराधिक मामले में उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष खेड़ा ने आरोप लगाया था कि, मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुयान सरमा के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। इस महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि उनके पास UAE, मिस्र और एंटीगुआ-बारबुडा के तीन पासपोर्ट, दुबई में दो संपत्तियां और शेल कंपनियों में संपत्तियां हैं। इन आरोपों के बाद, रिंकी शर्मा ने गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में खेड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मानहानि, कीमती वसीयत और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की जालसाजी, और जानबूझकर अपमान करने से जुड़ी संबंधित धाराओं के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज कराया। अदालत ने इस सप्ताह की शुरुआत में, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## बदमाशों ने दो भाइयों को मारी गोली, एक की मौत

**सक्ती,24 अप्रैल।** जिले में देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब तीन नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर दो भाइयों पर फायरिंग कर दी। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव की बताई जा रही



है। घर में 3 बदमाश घुस जाते है, एक लड़के के सिर और सीने पर गोली मारते है उसके छोटे भाई के कंधे पर गोली मारते है। पैसे की चोरी करते है, फ़ोन की चोरी करते है, दरवाजा बंद करके भाग जाते है। हमले में आयुष कश्यप (19 वर्षीय) को गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आशुतोष कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश के लिए सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की जानकारी मिलते ही जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू देर रात अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। विधायक ने कहा- इस तरह से बड़ी घटना करहि गांव में हुई है, आधी रात को हम सब ने मिलकर बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश की पर अब वो हमारे बिच नहीं रहा है, इस दुख की घड़ी में मै पुरे परिवार के साथ हु और इस घटना की बहुत ही निंदा करता हुं।

## बासिन में गुटखा की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़

**भिलाई,24 अप्रैल।** नंदिनी थाना क्षेत्र के बासिन गांव में एक अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस और खाद्य-औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में मुसाफिर ब्रांड के पान मसाला और उसके साथ मिलाकर खाने वाला एम 4 ब्रांड का सुगंधित जर्दे का निर्माण और पेकेजिंग कर बाजार में उपलब्ध कराने का खुलासा हुआ है। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री में 13 मजदूर काम करते पाए गए। ये मजदूर मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के रहने वाले बताए जा रहे हैं नंदिनी थाना पुलिस को गुटखा बनाने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश करने में सफलता मिली है। इस फैक्ट्री में मुसाफिर ब्रांड का पान मसाला और उसके साथ मिलाकर खाने वाला एम 4 ब्रांड जर्दा का उत्पादन हो रहा था। छापेमार कार्रवाई के दौरान दुर्ग पुलिस व खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में पैकेजिंग मटेरियल, तैयार पान मसाला, जर्दा और मशीनरी जप्त किया है। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से काम करने के लिए लाए गए 13 मजदूरों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। ताकि यह पता चल सके कि उन्हें यहां कौन लाया और फैक्ट्री के संचालन में कौन-कौन लोग शामिल हैं। मजदूरों से प्रारंभिक पूछताछ में यह पता चला है कि यह फैक्ट्री अप्रैल की शुरुआत से सक्रिय थी और एक बड़े अवैध उत्पादन केंद्र के रूप में काम कर रही थी यहां पर यह बताना भी लाजिमी होगा कि एम 4 ब्रांड सुगंधित जर्दि के साथ मुसाफिर ब्रांड का 5 रुपए में बिकने वाले पान मसाला की भिलाई - दुर्ग सहित आसपास के शहर व गांव में अच्छी खासी मांग है। बाजार में उपलब्ध मुसाफिर ब्रांड पान मसाला के रैपर में रजत सेल्स कार्पोरेशन दुर्ग अंकित है। बासिन गांव में पुलिस की छापामार कार्रवाई में जप्त मुसाफिर ब्रांड पान मसाला के पैकेट पर भी रजत सेल्स कार्पोरेशन लिखा हुआ है। इसके साथ ही ग्राम चोरहा, अहिवारा धमधा में गोडाउन होने का उल्लेख पैकेट में किया गया है रजत सेल्स कार्पोरेशन के मालिक से होगी पूछताछ नंदिनी डीएसपी दानेश्वर साहू ने बताया कि मुसाफिर ब्रांड के पैकेट पर कुम्हारी स्थित रजत सेल्स से संबंधित एक लाइसेंस नंबर अंकित मिला है। अब जांच का मुख्य बिंदु यह है कि यह रजत सेल्स की ही दूसरी इकाई है या फिर ब्रांड के नाम पर नकली गुटखा बनाया जा रहा था। यदि रजत सेल्स के संचालक इस इकाई को अपनी बताते हैं, तो बिना लाइसेंस के संचालन का मामला दर्ज किया जाएगा यदि गुटखे के सैंपल जांच में फेल होते हैं, तो अलग से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फैक्ट्री का मालिक फिलहाल फरार है और पुलिस उसके पकड़े जाने के बाद आगे की धाराएं तय करेगी



## बंगाल में बीजेपी की सरकार दीदी जाने वाली है : शाह

**कोलकाता,24 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद और दूसरे चरण की वोटिंग से पहले कोलकाता में गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंगाल में बीजेपी की सरकार बनाने का दावा किया है। शाह ने कहा कि इस बार बंगाल में बीजेपी की सरकार। गृह मंत्री ने कहा कि ममता दीदी जाने वाली है, भाजपा आने वाली है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित शाह ने कहा कि बंगाल में बंपर वोटिंग भय से भरोसे की यात्रा है। भाजपा पहले फेज की 152 सीटों में से 110 सीटें जीत रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल का अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा। बस दीदी का भतीजा नहीं होगा। हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा होगी।



बंगाल की जनता ने उत्साह और जोश के साथ परिवर्तन के लिए वोट डाला है। जो प्रतिशत सामने आया है। वह लोकतंत्र पर भरोसा करने वालों के लिए काफी है। बंगाल के सभी मतदाताओं का आभार करता हूं। जो आपने भरोसे की यात्रा शुरू की है। दूसरे चरण के मतदाता भी भय से भरोसे की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे। अमित शाह ने कहा कि बंगाल में बहुत लंबे अरसे बाद एक भी मौत नहीं हुई है। इसके लिए पुलिस का धन्यवाद देता हूं। हमारे पास जो फीडबैक है उसमें जनता ने अपना भरोसा पहले ही चरण में बता दिया है। मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास की यात्रा में बंगाल के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है कि वह भी इसमें शामिल हो रहा है। भय जाने वाला है और भरोसा आने वाला है। हमने विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ देर रात तक एक असेसमेंट किया है।

## बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है टीएमसी का दीया : मोदी

**कोलकाता,24 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महा जंगल राज के अंत की शुरुआत बताया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि 4 मई को चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद राज्य में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार बनेगी। उन्होंने महिला मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया और टीएमसी को महिला-विरोधी पार्टी बताया। दम दम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी के गुंडों का हौसला पस्त हो गया है, क्योंकि वे जानते हैं कि उनकी पार्टी चुनाव हारने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी नहीं चाहती कि महिलाएं आगे बढ़ें, और साथ ही कहा कि महिलाओं की सुरक्षा बीजेपी की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि भगवा पार्टी ने रत्ना देबनाथ को टिकट दिया है, जो आरजी कर रेप-मर्डर केस की पीड़िता की माँ हैं। कल बीजेपी के पक्ष में जो समर्थन देखने को मिला, उसने उसकी जीत का बिगुल बजा दिया है। पश्चिम बंगाल में, जहाँ टीएमसी ने अपने तानाशाही रवैये से लोकतंत्र के मंदिर को कुचल दिया था और उसे कमज़ोर कर दिया था, वहाँ की जनता ने पहले ही चरण में उस लोकतंत्र के मंदिर को फिर से बनाना शुरू कर दिया है।



पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा बंगाल की हर बहन-बेटी के सपनों को पूरा करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बंगाल की बहनों से भाजपा का सीधा वादा है कि भाजपा आपको सुरक्षा देगी, भाजपा आपको सम्मान देगी और भाजपा से ही आपको समृद्धि मिलने वाली है। भाजपा सरकार में यहां की हर महिला के जीवन में खुशहाली आएगी, गरीब बहनों को मुफ्त राशन मिलेगा। कोई सिंडिकेट आपका हक नहीं छीन पाएगा। आपका घर का सपना भी पूरा होगा।

## बंगाल की वोटर लिस्ट पर सुनवाई से सुको का इंकार

**नई दिल्ली,24 अप्रैल।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के दौरान जिन लोगों के नाम हटाए गए थे, उनकी याचिका पर सुनवाई करने से साफ इनकार कर दिया। ध्यान देने वाली बात यह है कि जिन लोगों के नाम काटे गए हैं, उनमें चुनाव ड्यूटी पर तैनात लगभग 65 अधिकारी भी शामिल हैं। इस मामले की सुनवाई भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने की। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने अदालत को बताया कि कई अधिकारियों के नाम बिना कोई ठोस कारण बताए, मनमाने ढंग से मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। उन्होंने अदालत के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा- ये 65 याचिकाकर्ता चुनाव ड्यूटी पर हैं। उनके ड्यूटी आदेशों में उनके मतदाता पहचान पत्र नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज हैं। लेकिन अब वे नंबर सूची से हटा दिए गए हैं। इसका सीधा मतलब यह है कि जो लोग चुनाव संपन्न करवा रहे हैं, वे खुद वोट नहीं दे सकते! यह प्रथम दृष्टया एक मनमाना रवैया है और कई लोगों को तो इसका कारण तक नहीं बताया गया है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, पीठ ने याचिकाकर्ताओं को इस मामले में सीधे तौर पर राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने उन्हें उन अपीलीय न्यायाधिकरणों का रुख करने को कहा, जिन्हें शीर्ष अदालत के आदेश पर ही इस तरह की शिकायतों को सुनने के लिए स्थापित किया गया था। CJI सूर्यकांत ने निर्देश देते हुए कहा कि "अपनी ये दलीलें अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष रखें। न्यायाधिकरण को इस मामले की जांच करने दें।"न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने इस बात को स्वीकार किया कि जिन लोगों की अपीलें अभी लंबित हैं, वे संभवतः पश्चिम बंगाल में चल रहे विधानसभा चुनावों में मतदान नहीं कर पाएंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता अपनी अपील की प्रक्रिया जारी रख सकते हैं, ताकि भविष्य के लिए मतदाता सूची में उनका नाम बहाल हो सके। उन्होंने कहा- न्यायाधिकरण द्वारा उचित आदेश पारित किए जाएंगे... यह सच है कि शायद वे इस मौजूदा चुनाव में वोट न दे सकें। लेकिन मतदाता सूची में बने रहने का जो अधिक मूल्यवान अधिकार है, उसे हर हाल में सुरक्षित रखा जाएगा।



### खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आगे आये सचिन तेंदुलकर

## प्रशिक्षण से तस्वीर बदल सकते हैं छत्तीसगढ़िया

✍ जसवंत क्लाडियस

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन का अध्ययन किया गया उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के गांव- गांव तक खेलकूद में आम जनता विशेषकर 8 से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर प्रयास आरंभ हो गये हैं। खेलो इंडिया नामक महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। साथ ही खेल सामग्री, खेल पोशाक, उच्च प्रशिक्षित कोच, उचित भोजन, खेल अकादमी उपलब्ध कराया जा रहा है। व्यायाम और योग के महत्व को और प्रतिबंधित दवा के प्रयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जा रही है। भारत के खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय खेल प्राधिकरण ( सांई) के अधिकारियों द्वारा खेलो भारत नीति 2025 का क्रियान्वयन पूरी तन्मयता से की जा रही है। इस बीच हमारे देश के प्रमुख सावर्जनिक क्षेत्र के संस्थानों,निजी व्यापार संस्थानों, उद्योगपतियों, खिलाड़ियों आदि के द्वारा देश के सुदुर, बीहड़ वन, पहाड़ियों वाले क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को परखकर उन्हें उचित प्रशिक्षण, उनके देखभाल का कार्य किया जा रहा है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ में भी भारत रत्न सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ी आगे आ रहे हैं। 24 अप्रैल को अपने जन्मदिन के अवसर पर महान क्रिकेटर सचिन ने अपनी संस्था सचिन फाउंडेशन तथा सहयोगी संस्था मानदेशी फाउंडेशन के साथ बस्तर के बीजापुर जिले में खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने का निश्चय किया है। जंगलों में बसे बस्तर के होनहार बच्चों, किशोरों में खेलकूद के प्रति दिलचस्पी पैदा करने के लिए सचिन फाउंडेशन और मानदेशी फाउंडेशन ने बीजापुर के गीदम ब्लाक के छिंदनार, कासोली, कोरलापाल, हितामेटा, गुमड़ा, कारली, बांगापाल में सीमित संसाधनों में बहुउद्देशीय खेल मैदान बनाने का निर्णय लिया है। इस तरह करीब 25 से अधिक शालाओं और आश्रमों में खेल मैदान, प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में विकसित किया जा रहा है। मानदेशी फाउंडेशन द्वारा अब तक 15 शिक्षकों को मुंबई में इन बच्चों को सिखाने ट्रेनिंग दी जा चुकी है .

सवाल अब यह है कि स्थानीय स्तर पर सचिन फाउंडेशन और मानदेशी फाउंडेशन द्वारा की जा रही है गतिविधि की देखरेख व संचालन कौन कर रहा है?

छत्तीसगढ़ सरकार को तथा छत्तीसगढ़ के खेल विभाग को उपरोक्त दोनों फाउंडेशन के कर्ताधर्ता कितनी पूछ परख कर रहे हैं। यह प्रशन इसलिए उठ खड़ा हुआ है कि कार्यक्रम तय होने के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोनों फाउंडेशन के इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। बीजापुर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में शासन को सहयोग देना खेल के भविष्य के लिए अच्छा है। बीजापुर कहें या संपूर्ण बस्तर जिसे कांकेर, नारायणपुर का क्षेत्र मानतेहैं यहां पर विभिन्न खेलकूद में प्रतिभागियों की कोई कमी नहीं है। 2036 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के आयोजन की कोशिश जारी है। उसमें एथलेटिक्स में महिला पुरूष 20 किलोमीटर पैदल चाल,10000 मीटर दौड़, मेराथन,जिमानस्टिक्स (नारायणपुर के जो खिलाड़ी मलखब करते हैं उन्हें आसानी से सिखाया जा सकताहै। केनोइंग डोंगी में रोज नदी पार करने वाले नाविकों को प्रशिक्षण दिया जा सकता है। सायकलिंग बस्तर के ऐसे युवक-युवती जो प्रतिदिन 20 किलोमीटर तक सायकल चलाकर स्कूल जाते हैं या बाजार करते हैं। तैराकी जो बच्चे प्रतिदिन तालाब में तैरते हैं या नदी पार करके स्कूल या बाजार जाते हैं। तीरंदाजी आदि कुछ ऐसे खेल हैं जिन पर इच्छुक व प्रतिभाशाली बस्तर क्षेत्र के खिलाड़ियों को चुना जाए. फिर प्रशिक्षण देने से इसका दूरगामी परिणाम ये होगा कि छत्तीसगढ़िया भारत की तरफ से खेलते हुए ओलंपिक में भी पदक जीत सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**मुंगेली/जगदलपुर/अंबिकापुर,24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में आज भीषण सड़क हादसे सामने आए हैं. कहीं ट्रक की चपेट में आने से शिक्षक की मौत हो गई तो कहीं इनोवा और ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई. वहीं एम्बुलेंस खेत में पलट गई. अलग-अलग सड़कों में एक की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हुए हैं. मुंगेली जिले के लोरमी इलाके से एक हृदयविदारक खबर सामने आ रही है. जहां एक तेज रफ्तार ट्रक की लापरवाही ने एक शिक्षक की जान ले ली. झाफल के पास हुए इस भीषण सड़क हादसे में शिक्षक अजीत डाहिरे की मौके पर ही मौत हो गई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. जानकारी के अनुसार, तिलकपुर निवासी शिक्षक अजीत डाहिरे अपनी बाइक से अपने पैतृक गांव बैगाकापा की ओर जा रहे थे. इसी दौरान झाफल स्थित महाराणा प्रताप स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रहे सीमेंट से लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया.

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रक के नीचे पूरी तरह दब गई और अजीत डाहिरे ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया.हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. सूचना पर पहुंची लोरमी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.बस्तर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर किलेपाल के पास भीषण सड़क हादसा सामने आया है.

# महिला आरक्षण विधेयक पर भाजपा की नीति और नीयत साफ नहीं:सीमा अनंत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 23 अप्रैल।** महिला आरक्षण विधेयक पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत बताया की अभी पाँच राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहा है चुनाव आचार संहिता लागू है अचानक से हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को सपना आता है कि यही वक्त है महिलाओं की हिमायती बने और पार्टी को लाभ मिले लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक लेकर आते है अपने पार्टी एव घटक दल के सभी सदस्यों को बाकायदा व्हिप जारी कराया जाता है की अनिवार्य रूप से सदन में उपस्थित रहे मोदी जी की मंशा साफ़ नहीं है और वे नहीं चाहते कि महिला आरक्षण विधेयक लागू हो इसलिए महिला आरक्षण विधेयक के स्थान पर महिला आरक्षण संशोधन विधेयक अर्थात् परिसीमन बिल सदन लाया गया वे जानते थे यह विधेयक लोकसभा में पारित नहीं होगा विपक्ष विरोध करेंगे इस प्रकार महिलाओं और देश के जनता के आँखो में धूल झोंकने का काम किया, विपक्ष जब महिला आरक्षण बिल का विरोध करेगा तो हम देश भर में महिलाओं को सामने करके विरोध प्रदर्शन करायेंगे और बतायेंगे कि कांग्रेस और विपक्ष महिला विरोधी है वे नहीं चाहते हैं कि महिलाओं को आरक्षण का लाभ हो ! और इसका लाभ हमे होने वाले विधानसभा चुनाव में लाभ मिले केंद्र की भाजपा सरकार व मोदी की सरकार नियत यह थी कि सदन में बिल पास होता है तो महिलाओं को हिमायती बनकर,लाभ लेंगे और यदि बिल पारित नहीं होता है तो कांग्रेस और विपक्ष को महिला विरोधी आरोप लगाकर देश में माहौल बनाने का नाटक करेंगे जिससे हमे और हमारी पार्टी लाभ मिल सके,इस प्रकार पूरे पूरे मामले में भाजपा और मोदी सरकार देश के सामने एक्सपोज़ हो गया है कि भाजपा सही मायने में महिला विरोधी है श्रीमती अनंत ने आगे बताया कि महिला आरक्षण विधेयक तो वर्ष 2023 में सर्वसम्मति से पारित हो गया है जिसे कांग्रेस पार्टी और सभी दलों के समर्थन ने पारित कर दिया है बिल को अब तक देश लागू हो जाना चाहिए था कांग्रेस और इंडिया गठबंधन लगातार मांग कर रही है कि महिला आरक्षण लागू कर दिया जाय पर माननीय मोदी जी यह कहकर बिल लागू नहीं कर रहे है एक्ट 334 , प्रावधान के तहत जब तक 2026 की जनगणना की आकड़ा नहीं आ जाते और परिसीमन ना हो जाता तब तक महिला आरक्षण लागू नहीं किया जा सकता इससे साफ़ होता है कि स्वयं मोदी जी नहीं चाहते महिलाओं को आरक्षण मिले कांग्रेस और विपक्ष आज भी चाहते है कि पारित महिला आरक्षण कानून आज ही लागू हो पर मोदी जी किंतु परंतु की हवाला देकर महिला आरक्षण को लागू नहीं कर रहे हैं ! हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कभी कहते हैं कि महिला आरक्षण आगामी 2026 जनगणना के आकड़ो के आधार लागू किया जाएगा परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा पर अभी क्या जल्दबाजी आ गई की अब बोलते है महिला आरक्षण 2011 कि जनगणना के आधार पर लागू किया जाए आप समझ सकते है कि आखिर मान मोदी जी की क्या मकसद है जब आप 2011 को आधार मान रहे हो तो तो मोदी जी को वर्तमान लोकसभा में 543 सांसद के संख्या के आधार पर महिलाओं को आरक्षण देना चाहिए अब कहते है 2026 की जनगणना की आकड़े की जरूरत नहीं है इससे स्पष्ट होता है कि मोदी जी और उनके पार्टी का कथनी और करनी में साफ़ झलकता है की उनकी नीति और नीयत साफ नहीं है !

## समाचार संक्षेप

### महिला आरक्षण का विरोध और प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द का जनता 4 मई को देगी जवाब: सीताराम साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 23 अप्रैल।** सीताराम साहू प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने कहा की महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भाजपा ने हमेशा महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है, जबकि विपक्ष का इसका विरोध उनकी नीतिगत असंगति को दर्शाता है।इसी प्रकार, परिसीमन जैसी संवैधानिक प्रक्रिया पर कांग्रेस द्वारा भ्रम फैलाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसका उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और देश के संतुलित विकास को गति देना है, न कि राजनीतिक लाभ लेना।भाजपा का मानना है कि ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर राजनीति नहीं, बल्कि सहमति और सहयोग होना चाहिए।साथ ही, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा देश के प्रधानमंत्री के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का हम कड़ा विरोध करते हैं। इस प्रकार की भाषा न केवल राजनीतिक मर्यादा के विरुद्ध है, बल्कि देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है।4 मई को आने वाले चुनाव परिणाम यह स्पष्ट करेंगे कि जनता विकास और सुशासन के साथ है। हमें विश्वास है कि भाजपा को व्यापक समर्थन मिलेगा और विपक्ष को जनता अपने मत के माध्यम से जवाब देगी।

### बौद्धिक संपदा अधिकारों पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,23 अप्रैल।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, महकाखुर्द, दुर्ग द्वारा 22 अप्रैल को बौद्धिक संपदा अधिकार, आधुनिक युग में नवाचारों की सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। शुरुआत संस्थान की निदेशक ख्याति साहू के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा, यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों को जागरूक बनाने की दिशा में एक कदम है, ताकि वे बिना किसी डर के नवाचार कर सकें। सत्र की मुख्य वक्ता थीं डॉ. शुभ्रता नागपाल, विभागाध्यक्ष भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी। डॉ. नागपाल ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिज़ाइन जैसे विषयों पर अपने विस्तृत ज्ञान को साझा किया और छात्रों, शोधकर्ताओं एवं उभरते उद्यमियों के लिए ढ्क्क्रके महत्व को समझाया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज की नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था में अपने विचारों की सुरक्षा करना उतना ही आवश्यक है जितना कि उन्हें उत्पन्न करना। हर विद्यार्थी को अपने भविष्य के योगदान को सुरक्षित करने के लिए ढ्क्क्र की मूलभूत जानकारी होना जरूरी है। समापन संस्थान के अध्यक्ष रुपेश गुप्ता के समापन भाषण के साथ हुआ।

### पाटन क्षेत्र के दो उपकेंद्रों में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत



भिलाई, 24 अप्रैल। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा पाटन विद्युत संभाग के अंतर्गत दो उपकेंद्रों में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत किए गए। पाटन वितरण केंद्र के उपकेंद्र फुंडा एवं जामगांव (टी) वितरण केंद्र उपकेंद्र घुघवा में 3.15 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इन उपकेंद्रों में पहले से ही 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर कार्यरत थे, जिससे अब कुल क्षमता बढ़कर 6.30 एमवीए हो गई है। इन ट्रांसफार्मरों का ऊर्जीकृत कार्य कार्यपालक निदेशक (संजय खंडेलवाल द्वारा किया गया। ट्रांसफार्मरों को ऊर्जीकृत करने की प्रक्रिया अधीक्षण अभियंता आर.के. मिश्रा, कार्यपालन अभियंता बी.पी. दीपक, धर्मेंद्र भारती एवं एस.के. राय की उपस्थिति में संपन्न हुई। वहीं सहायक अभियंता दुजेंद्र गजपाल, कमलेश साहू, डी.के. साहू सहित अन्य तकनीकी स्टाफ ने कार्य को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में वॉल पेंटिंग से बढ़ी सुरक्षा जागरूकता



**भिलाई, 24 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा गैरेज रोड से स्लैग गैलरी होते हुए एमआरडी चौक तक दीवारों पर सुरक्षा संदेशों से युक्त आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाई गई हैं। यह कार्य कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। सीईडी विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक राकेश पांडेय ने बताया कि फाउंड्री सर्कल से आरसीएल टर्निंग तक दूसरी वॉल पेंटिंग विकसित की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला को भी शामिल किया गया है। सहायक महाप्रबंधक मार्टि कमैया का इस कार्य को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा है।

### वर्ल्ड अर्थ डे पर जागरूकता का संदेश छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव संभव



**भिलाई, 24 अप्रैल।** दि इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स लोकल सेंटर ने बीआईटी दुर्ग के सहयोग से वर्ल्ड अर्थ डे का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम आवर पावर, आवर प्लैनेट रही। मुख्य वक्ता डॉ. सिंधु जे. नायर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में छोटे-छोटे व्यक्तिगत प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। बीआईटी दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अनुप मिश्रा ने युवाओं में पर्यावरण जागरूकता को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया, वहीं फैकल्टी एडवाइज़र डॉ. शीना शेखर ने पृथ्वी संरक्षण को हर नागरिक का कर्तव्य बताया। आईईआई भिलाई लोकल सेंटर की ऑनरेरी सेक्रेटरी डॉ. सुप्रिया त्रिपाठी ने भारतीय संस्कृति में पृथ्वी को माता के रूप में सम्मानित करने की परंपरा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, फैकल्टी एवं आईईआई सदस्य शामिल हुए। छात्र समन्वयक अराधना असाटी एवं श्रेया तिवारी ने संचालन किया। इस अवसर पर आईईआई, कोलकाता के एनवायरनमेंट डिवीजन बोर्ड का संदेश भी साझा किया गया।

## एक नजर

### सट्टा खेलाते आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के लक्ष्मी मार्केट में सट्टा संचालन करने वाले एक सटोरी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, नगदी रकम एवं अन्य सामग्री बरामद किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मी मार्केट शंकर पारा गली, सुपेला में एक व्यक्ति अवैध लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से लोगों से रुपए लेकर अंकों के आधार पर सट्टा खिला रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर एक व्यक्ति सट्टा खिलाते हुए पाया गया, जबकि अन्य व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गए। आरोपी गोलू उर्फ सन्नी यादव (29 साल ) निवासी ओशो पब्लिक स्कूल के पास, कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला को मौके पर पकड़कर पूछताछ की तथा उसके कब्जे से सट्टा सामग्री एवं नगदी बरामद कर जब्त किया है ।

### पांच पुरूष एवं एक महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों के विरुद्ध सुपेला पुलिस ने निगरानी, मुखबिर से सूचना एवं टीम समन्वय से 5 पुरुष एवं 1 महिला वारंटी गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गुरुवार को सूचनाओं के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए लंबे समय से विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे कुल 5 पुरुष एवं 1 महिला वारंटी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विनोद बघेल निवासी पुरानी बस्ती सुपेला, फुलचंद देशलहरे उर्फ बिट्टू निवासी सुपेला, विशाल तांडी उर्फ गुड्डू निवासी सुपेला, अवतार सिंह उर्फ खत्तर उर्फ बन्नी निवासी सुपेला, राजा खरे निवासी सुपेला (स्थाई वारंटी) व ईशा उर्फ इश्वरी खोब्रागढ़े निवासी नेहरू नगर सुपेला शामिल हैं।

### खेत से लाश बरामद

**भिलाई, 23 अप्रैल (तछसं.)।** दुर्ग जिले में नंदिनी में खेत और जामुल में नहर में अज्ञात लाश पुलिस ने बरामद की है। दोनों शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है। नंदिनी थाना प्रभारी ने दानेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे सूचना मिली कि ग्राम-अछोटी बिछिया खार सोनारचक्र में एक खेत में अज्ञात बुजुर्ग का शव पड़ा है सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में अज्ञात की उम्र 65 से 70 के आसपास बतायी जा रही है मृतक सावला, कद लगभग 5 फीट 5 इंच है। और शरीर में कोई कपड़ा नहीं पहना था सिर्फ गेहुआ रंग का अंडरवियर पहना था पुलिस पंचनामा कर शव को मरच्युरी में रखकर शव की शिनाख्त में आसपास के थानों में गुमशुदगी की जांच कर रही है ।

### मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**दुर्ग, 24 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार, 26 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है। इस परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए ।

# अंतर्विद्यालयीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में गुरुकुल पब्लिक स्कूल सर्वश्रेष्ठ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 23 अप्रैल।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा ने अभ्युदय स्कूल द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालयीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में अंश ग्रहण किया।इसमें विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया के सदुपयोग पर आधारित नुक्कड़ नाटक एक सोच का हनुमान वाटिका, कवर्धा के सुरम्य वातावरण में मंचन किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस अंतर्विद्यालयीन नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में गुरुकुल के अलावा नगर के अभ्युदय स्कूल, होली किंगडम स्कूल तथा अशोका पब्लिक स्कूल ने भाग लिया। डॉ विजय कुमार शाही, अतुल वर्मा के सशक्त मार्गदर्शन , नेहा वर्मा ,भारती राव ,राधारानी तथा केजेलाल साहू के सहयोग तथा विद्यार्थियों के भावप्रवण अभिनय से मंचित इस नाटक ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर उनकी वाह-वाही लूटी। कक्षा पाँचवीं के छात्र द्वय कुनाल तथा गिरीश मदारी और जम्बूरे के रुप में दर्शकों के आकर्षण के केंद्र रहे।विद्यार्थियों ने अपने नाटक के माध्यम से जनमानस को समझाया कि सोशल मीडिया दुधारी तलवार के समान है अगर इसका उपयोग सोच समझकर नहीं किया गया तो यह व्यक्ति को अपूर्णनीय क्षति भी पहुंचा सकता है। ऑनलाइन गेमिंग तथा रील के प्रति उन्माद ने सभी को अवसाद में डूबा रखा है, जहाँ से निकलना जरूरी है। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के बल पर गुरुकुल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभ्युदय स्कूल द्वितीय तथा होली किंगडम स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।प्रबंधन समिति के अध्यक्ष , अन्य पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की और आशा व्यक्त किया कि विद्यार्थी गण अवश्य ही सोशल मीडिया का बेहतरीन ढंग से अपनी प्रतिभा के विकास में सदुपयोग करेंगे।

### पानी पिलाया




कवर्धा।भारत स्काउट्स एंड गाइड छत्तीसगढ़ ने राहगीरों को पानी पिलाया

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की वार्षिक आमसभा 3 मई को

**भिलाई, 24 अप्रैल।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की वार्षिक आम सभा 3 मई रविवार को प्रातः 10-30 बजे ब्रह्म प्रकाश स्मृति नगर स्थित समाज भवन में आयोजित की जाएगी। सभा के पश्चात दोपहर 12 बजे ब्रह्म प्रकाश पत्रिका 2026 का विमोचन कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महंत राजेश्री रामसुंदर दास दूधाधारी मठ, रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी महासचिव राम लखन मिश्र द्वारा दी गई।

### लक्ष्य से पीछे राजस्व वसूली पर आयुक्त सख्त, अधिकारियों को लगाई फटकार

**दुर्ग, 23 अप्रैल।** नगर पालिक निगम में नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही राजस्व वसूली को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्डवार राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक माह निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली सुनिश्चित की जाए।

# आयुक्त ने जनजीवन से जुड़े मुद्दों पर दिखाई संवेदनशीलता, बिजली, पानी और पर्यावरण पर कड़ी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 24 अप्रैल।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर में चल रहे विकास कार्यो एवं मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में बिजली बिल, पानी टंकी निर्माण, पाइप लाइन संधारण, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ सर्वेक्षण, तालाब सफाई, निर्माण कार्य, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सिवरेज निर्माण एवं लंबित शिकायतों का निराकरण जैसे विषय प्रमुख विषय थे। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने बैठक के दौरान शहर में बिजली-पानी से लेकर पर्यावरणीय चिंताओं को सामने रखते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से हरित भिलाई को आकर देना है। उन्होंने कहा कि विद्युत ऑडिट सही ढंग से हो, ताकि अनावश्यक बिजली बिल का भार कम किया जा सके। पानी टंकियों का निर्माण समय पर पूरा हो, लीक पाइपलाइन का तत्काल सुधार हो और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को प्राथमिकता से चालू किया जाए। उन्होंने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, सीवरेज निर्माण और अन्य विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। बरसात से पहले अधिक से अधिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। आयुक्त ने यह भी जानकारी दी कि 1 मई से सुशासन तिहार की शुरुआत होगी, जिसमें आम नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर आयुक्त राजेंद्र कुमार दोहरे, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, वेशराम सिंहा, उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, डी.एस. कोसरिया, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, संजय वर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सुनील जैन, अरविन्द शर्मा, अनिल सिंह, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान सह जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक देवेंद्र ने की वाटर एटीएम के संधारण की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 अप्रैल।** टाउनशिप क्षेत्र में मटमैले और बदबूदार पानी की आपूर्ति से जूझ रहे लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कलेक्टर दुर्ग को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने जिला खनिज न्यास राशि से पूर्व में स्थापित वाटर एटीएम मशीनों के शीघ्र संधारण व मरम्मत कराने का आग्रह किया है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि क्षेत्र के स्लम और टाउनशिप इलाकों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पिछले 2-3 वर्षों में कई स्थानों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए थे, लेकिन समय पर देखरेख के अभाव में कई मशीनें खराब हो गई हैं। इसके कारण लोगों को साफ पानी नहीं मिल पा रहा और वे मजबूरन दूषित पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में नगर निगम को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए विधायक ने विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट का उल्लेख करते हुए कलेक्टर से मांग की है कि डीएमएफ मद से आवश्यक स्वीकृति प्रदान कर सभी खराब वाटर एटीएम का संधारण शीघ्र कराया जाए, ताकि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।



### सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आवारा पशु पकड़ने का अभियान जारी

**भिलाई, 24 अप्रैल।** शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पकड़े गए पशुओं को कोसानाला स्थित गौठान में रखा जा रहा है। यहां पशुओं के लिए हरे चारे, स्वच्छ पेयजल तथा आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। निगम प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पशुओं के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

# नशीली सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 24 अप्रैल।** दवा कंपनी प्रतिनिधि की आड़ में नशीली सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह का दुर्ग पुलिस ने पर्दाफाश किया है। मामले में मुख्य सरगना सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। इनसे पुलिस ने 800 नग नशीली सिरप, वाहन, मोबाइल फोन एवं बिक्री रकम जप्त किया गया है स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में प्रतिबंधित नशीली सिरप युवाओं को अवैध रूप से बेचकर नशे की लत फैलाने वाले नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मामले में योगेश शर्मा? ( 41 साल ) कादम्बरी नगर दुर्ग, उमेश कुमार यादव ( 42 साल ) पदुम नगर, चरोदा, पुरानी भिलाई, महावीर जैन उर्फ रोहित, ( 38 साल ) पोलसाय पारा, दुर्ग तथा सतीश मेश्राम, ( 40 साल ) शंकर नगर, दुर्ग की गिरफ्तारी हुई है। चारों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही हुई है। आरोपियों से प्रतिबंधित कोडीन युक्त काडिफोस - टी सिरप 800 नग कीमत 2,08,800 रुपए, एक एक्टिवा कीमत 30,000 रुपए, एक सेंट्रो कार कीमत 1,00,000 रुपए, 04 मोबाइल फोन कीमत 1,60,000 रुपए और प्रतिबंधित सिरप बिक्री की रकम 1,200 रुपए जप्त किया गया है। जप्त सामानों की कुल कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई है पुलिस के मुताबिक चौकी स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम जुनवानी खम्हरिया रोड भिलाई के पास 03 व्यक्तियों द्वारा कोडिन युक्त प्रतिबंधित नशीली सिरप बिक्री हेतु परिवहन किए जाने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर चौकी स्मृतिनगर एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर सेंट्रो कार क्रमांक? सीजी-07/8595 को रोककर जांच की गई। वाहन की तलाशी दौरान 07 कार्टून में प्रतिबंधित कोडीन युक्त काडिफोस - टी सिरप बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी योगेश शर्मा एवं उमेश कुमार यादव द्वारा फर्जी ड्रग लाइसेंस तैयार कर गुजरात स्थित कंपनी से इंडिया मार्ट ई-कुरियर माध्यम से नशीली सिरप मंगवाकर अवैध बिक्री करना स्वीकार किया गया?विवेचना में यह तथ्य प्रकाश में आया कि आरोपी योगेश शर्मा द्वारा एक वास्तविक ड्रग लाइसेंस में एडिटिंग कर अपने नाम से फर्जी ड्रग लाइसेंस तैयार कराया गया तथा फर्जी लेटरपैड एवं सील बनवाकर उसके आधार पर कोडीन युक्त सिरप मंगाई जाती थी। उक्त सिरप को अधिक कीमत पर अन्य आरोपियों एवं स्थानीय युवाओं को बिक्री किया जाता था प्रकरण में आरोपी महावीर जैन उर्फ रोहित एवं सतीश मेश्राम को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा प्रतिबंधित सिरप की बिक्री से अवैध धन लाभ अर्जित किया जाना तथा युवाओं को नशे का आदी बनाना पाया गया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22, 8(ख), 27(क), 29 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

एक नजर

## प्रशासनिक दृष्टिकोण से तहसीलदार व नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण

**राजनांदगांव 24 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार लाल बहादुर नगर श्री अमीय श्रीवास्तव को प्रभारी तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार डोंगरगढ़ श्री नीलकण्ठ जनबंधु को तहसीलदार तहसील कार्यालय लाल बहादुर नगर पदस्थ किया गया है। नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ श्री सत्यपाल यादव को तहसील कार्यालय डोंगरगांव, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव श्री चिराग रामटेके को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़, नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगांव सुश्री झरना राजपूत को तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ एवं नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ सुश्री मेघा जैन को तहसील कार्यालय तुमड़ीबोड़ (डोंगरगांव) में नवीन पदस्थापना दी गई है। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने निर्देशित किया गया है।

## अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई

**राजनांदगांव 24 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अवैध शराब बिक्री करने तथा परिवहन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे



अभियान के तहत दिनांक 22.04.26 को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रेंगाकठेरा शमशान घाट के पास आम रोड पर ग्राम डीलापहरी निवासी शेखर वर्मा अपने ऑटो में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफएवं गवाह के मौके पर पहुचकर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 18 पाव सवा शेर देशी प्लेन शराब छत्तीशगढ़ निर्मित कुल मात्रा3.240 बल्क लीटर, कीमती 1440 रुपया एवं घटना में प्रयुक्त 01 काले पिले रंग का ऑटो क्रमांक छ्त्- 07, ज्ञ- 3973 कीमती 45000 रुपया जुमला 46710 रुपया जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया उपरोक्त कार्यवाही में सउनि राजू मेश्राम, प्र.आर. 43 चंद्रभूषण सिन्हा, आर. 706 राजेश साहू की सराहनीय भूमिका रही। आगे भी अवैध शराब बिक्री करने तथा परिवहन करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## भ्रामक जानकारी फैलाने पर संस्था को जिला प्रशासन की नोटिस जारी

**राजनांदगांव 24 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने शाही नामक संस्था को प्रशासनिक आदेशों की प्रत्यक्ष अवज्ञा करने तथा हितग्राहियों की सुरक्षा, सत्यापन, निगरानी एवं वैधानिक प्रक्रियाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संस्था को सुस्पष्ट, तथ्यपरक, अभिलेखीय साक्ष्यों सहित एवं बिंदुवार स्पष्टीकरण सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण राजनांदगांव में प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए है। निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक, भ्रामक, अपूर्ण पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कठोर एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए संस्था को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में किसी भी शासकीय कार्य, योजना, निविदा से पूर्णतः प्रतिबंधित करने के साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य विधिक व दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन से शाही नामक संस्था द्वारा जिले में केवल मोबिलाइजेशन हेतु अनुमति अभ्यर्थित की गई थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में केवल मोबिलाइजेशन कार्य की अनुमति प्रदान की गई है। संज्ञान में आया है कि संस्था द्वारा प्रदत्त अनुमति की शर्तों की अवहेलना, घोर उल्लंघन एवं दुरूपयोग करते हुए हितग्राहियों को अन्यत्र स्थानों पर रोजगार उपलब्ध कराने व राज्य के बाहर भेजे जाने हेतु प्रलोभित व प्रेरित किया जा रहा है, जो अनधिकृत, नियम विरूद्ध, भ्रामक एवं प्रशासन की पूर्व स्वीकृति के अभाव में किया गया अवैध कृत्य है। संस्था द्वारा जिले की 6-7 महिला हितग्राहियों को प्रशिक्षण के नाम पर रायपुर बुलाया गया और रायपुर पहुंचने पर महिला हितग्राहियों को बैंगलोर में प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए भेजे जाने की जानकारी दी गई। इस परिस्थिति से भयभीत होकर संबंधित हितग्राहियों द्वारा वापस लौटना पड़ा। यह कृत्य स्पष्ट रूप से भ्रामक प्रस्तुतीकरण, विश्वासभंग एवं हितग्राहियों को गुमराह करने की श्रेणी में आता है, जो अत्यंत आपत्तिजनक है। प्रथम दृष्टया असत्य, भ्रामक एवं प्रशासन की छवि व विश्वसनीयता को प्रभावित करने वाला पाया गया है। बिना सक्षम प्राधिकारी की विधिवत स्वीकृति के इस प्रकार का कथन करना गंभीर अनियमितता एवं दुराचार की श्रेणी में आता है। संस्था द्वारा यह कृत्य न केवल प्रशासनिक आदेशों की प्रत्यक्ष अवज्ञा का द्योतक है। इसके साथ ही हितग्राहियों की सुरक्षा, सत्यापन, निगरानी एवं वैधानिक प्रक्रियाओं को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाला एवं जोखिमपूर्ण है। जिसे किसी भी स्थिति में सहन एवं स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है।

# बाबा मरस पोटाधाम में अक्षय तृतीय पर कन्या विवाह सम्पन्न

■ **आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए वरदान साबित हो रहा**




**राजनांदगांव 24 अप्रैल।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में अक्षय तृतीया के पावन पर्व कन्या विवाह सम्पन्न हुआ बढ़ी संख्या में घराती और बराती भाग लिया बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक श्री राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के पावन पर्व कन्या विवाह का आयोजन किया गया सुबह से कन्या एवं वर पक्ष धाम पहुंच हल्दी मेहंदी कार्य के साथ बरात स्वागत किया शिव महापुराण कथा व्यास भागवताचार्य पंडित श्री खिलेश कृष्ण दुबे जी मंत्र उच्चारण हिन्दू रिती रिवाज के साथ दोनो कन्याओं का भव्य तरीके से विवाह सम्पन्न कराया गया विवाह फेरा के बाद प्रांगण में स्थित जय महा काली भोले नाथ की आरती 12 ज्योति लिंग पूजा अर्चना के बाद कन्या बिदाई की गई कबीर धाम जिले के विरेन्द्र नगर एवं बस्तर के कोंडागांव से पहुंचे बराती गदगद हुए और उन्होंने बाबा मरस पोटा धाम में आयोजित हमारी कन्या विवाह कार्यक्रम का सराहना की

बाबा मरस पोटा धाम आर्थिक रूप कमजोर परिवार जो अपनी लाडली बेटी की शादी नहीं कर सकते उनके लिए हमारी कन्या विवाह समिति बनाई गई है शादी का सम्पूर्ण खर्च समिति से जुड़े भक्त उठाते जिनकी बेटी नहीं है और जो कन्या दान करने की इच्छा जाहिर करते उनको मौका दिया जाता कन्या दान करने वाले से किसी भी प्रकार की समिति मदद नहीं लेती नहीं यह स्पष्ट कर दिया जाता है कि आप कन्या को जो उपहार देना चाहते हैं वे कन्या को दे 30 दिनों में मरस पोटा धाम में नवरात्रि नवदिन भंडारा शिव महापुराण हनुमान जन्मोत्सव भंडारा और 4 कन्याओं की शादी आयोजन की जा चुकी है बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति जी मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है

**हर वर्ष सौ दिन भंडारा:** बाबा मरस पोटा धाम में क्वांर एवं चैत्र नवरात्र/11 दिन गणपति/1 माह सावन माह साहित हनुमान जन्मोत्सव/महाशिवरात्रि/तीज त्यौहार/ कन्या विवाह सहित अन्य पर्व में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाता है

**41 फीट विशाल त्रिशूल निर्माण कार्य जारी:** बाबा मरस पोटा धाम में 41 फीट ऊंचा भव्य त्रिशूल निर्माण कार्य जारी है 35 सौ वर्ग फिट गोल परिक्रमा के लिए चबुतरा निर्माण कार्य किया गया 30 फीट कालम ढ़लाई कार्य पूर्ण हो चुकी।

### पंचायतीराज दिवस की परिकल्पना को साकार करता केन्द्र सरकार

# आत्मनिर्भर ,विकसित और स्मार्ट भारत के सपने का सजीव चित्रण कर ग्राम पंचायत गुडेलिया ने उदाहरण पेश किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा24 अप्रैल।** लोकतांत्रिक प्रणाली मे जागरूक जुझारूपन समर्पण भाव जनकल्याण कि भावना व दृढ इच्छाशक्ति सामंजस्य भाव किसी भी समाज व गाँव शहर के विकास को बुलंदियों कि और आगे ले जाने और सबसे अहम बिन्दु होता है जिसका जीता जागता उदाहरण आदर्श निर्मल ग्राम गुडेलिया को कहा जा सकता है जो अन्य ग्राम पंचायतो के लिये हमेशा एक प्रेरणा के रुप मे स्वच्छ निर्मल आदर्श पंचायत के रुप मे आधार स्तंभ का लाईट हाऊस बनाकर जगमगा रहा है सरपंच संकेत अग्रवाल के प्रबल नेतृत्व को जाता है

ग्राम में शिक्षा के ज्ञान के विस्तार को लेकर पर्याप्त सुविधाएं देखी जा सकती है जो एक प्राइवेट स्कूल से भी बेहतर है

अनेक विशेषताओं के कारण जिले के अन्य सरकारी स्कूलों के लिये मॉडल व आदर्श बन चुका है ग्राम पंचायत गुडेलिया के सरकारी स्कूल जहाँ पर स्कूल का सुसज्जित भवन उच्च क्वालिटी बैंच ,खेल कूद की वयवस्था ,स्मार्टक्लासेस ,कम्प्यूटर शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र ,साइंस लैब , बच्चो के आईडी कार्ड, पूर्ण ड्रेस की वयवस्था सुसज्जित वाल पेटिंग पर्याप्त शिक्षक सुविधा स्कूलों मे आयोजित सांस्कृतिक आयोजन व प्रत्येक माह पालकों व स्कूल प्रबंधन के बीच आपसी सामंजस्य व जनपद पंचायत व जिले मे विशेष पहचान दिलाता है

**ग्राम गुडेलिया में आकर्षक आंगनबाड़ी केन्द्रः** ग्राम गुडेलिया का आंगनबाड़ी केन्द्र मे स्कूल जैसे यूनिफार्म कोड आकर्षक ज्ञान वर्धक वाल पैटिंग बच्चों के लिये मनमोहक खेल सामाग्रियां आदि सुविधाओ से बच्चो कि बचपन से ही पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ रहा है

**ग्राम पंचायत भवन गुडेलिया का ऑफिस है पूर्ण हाईटेक और डिजिटलः** ग्राम पंचायत गुडेलिया का पंचायत भवन को जाकर देखने पर जिला के किसी भी बडे आफिस के बराबर देखा जा सकता है जहाँ पर सभी पंचो के नेम प्लेट सहित बैंच का बैठक व्यवस्था अलग से कम्यूटर रुम व गाँव के उपलब्धियों से सजा वाल फोटो फ्रेम एवं साफ सुधरा शौचालय सभी शासकीय योजना की जानकारीयो से परिपूर्ण बडा सा आगन व हाल पंचायत भवन कि गरिमा को बढाता है पूरे गांव की निगरानी के लिए 100 से जायदा कैमरे से लगे है जिसकी निगरानी भवन से ही हो जाती है

नारी शक्ति संगठन समृद्ध व ससक्त गुडेलिया कि बन रहा पहचान

ग्राम पंचायत गुडेलिया कि महिलाएं पेवर ब्लॉक ,फ्लाई ऐश ईटे ,जाली तार व अन्य छोटे उद्योगों के माध्यम से 50 लाख रुपये से अधिक कमाई करके आत्मनिर्भर बन रही है करीब 250 से अधिक महिलाये घरेलू उत्पाद व उद्योग के कार्य कर रोजगार प्राप्त कर रहे है जिसके चलते पलायन में अभूतपूर्व कमी आई।

**नशा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त आदर्श ग्राम गुडेलियाः** आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया को नशा मुक्त ग्राम घोषित है यहां पर नशा का सेवन करना पूरी तरहा प्रतिबंधित रखा गया है नशा करते पाए जाने पे 51000 दंड का प्रावधान रखा गया है ग्राम के सभी दुकानो में प्लास्टिक बैन है सभी निजी और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए पंचायत द्वारा सभी समाज को प्लेट गिलास और कटोरी दिया गया है जिसे सभी ग्राम वासी किसी भी अपने कार्यक्रम में उपयोग करते है जिससे किसी भी कार्यक्रम में होने वाले खर्चे में लगभग 6000- 7000 की बचत ग्राम वासियो को हो रही है और कचरा और प्रदूषण से भी मुक्ति मिल रही है

**शहरों की बराबरी कर बन रहा स्मार्ट ग्राम :** गाँव के विकास उन्नति का भाव होने से आज कई प्रकार से सुविधाएं विकसित हो चुकी है और आगे विकास उन्नति कि और अग्रसर भी है जो कि एक छोटा सा गाँव होते हुये भी शहरों कि बराबरी कर रहा है

**कृषि क्षेत्र में भी आधुनिक खेती को प्रोत्साहन व जल संरक्षण को बढ़ावा :** गौरतलब है कि ग्राम पंचायत गुडेलिया आदिवासी बाहुल्य गाँव है जहाँ शासन प्रशासन इनके विकास व हित के लिये अनेक प्रकार कि योजनाएं सभी ग्राम पंचायत स्तर पर चलाती है यहा के ग्राम पंचायत द्वारा आधुनिक कृषि को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है जिसके अंतर्गत स्थानीय बन्द पडे खदान का उपयोग बरसात के पानी को संचय भूमिगत जल शक्ति के स्रोत को बढाया जाना और उसी पानी का सिचाई हेतु उपयोग करना जिसके लियें ग्राम पंचायत गुडेलिया को 15 अगस्त 2025 को भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत भी किया गया कृषि फसल सुरक्षा हेतु फेसिंग तार से सुरक्षा जिससे चरी चरागन से बचाव होने से डबल फसल और खेतों के सुरक्षा के साथ साथ आमदनी मे भी वृद्धि होती है साथ ही फसल के ऊर्जा शक्ति को बढावा देने हेतु मृदा परीक्षण भी कराया जाता है

**सभी निर्णय ग्राम सभा में ही लिए जाते हैं :** सरपंच संकेत अग्रवाल ने बताया की ग्राम में किसी भी प्रकार का फैसला लेना है तो ग्राम सभा की मीटिंग बुला के सब के सहमति से ही लिया जाता है जिससे गांव का वातावरण अच्छा बना रहता है और विकास कार्यो में सुविधा मिलती है सभी कार्य सबके सहयोग से किए जाते है जिसके कारण हमारा गांव आदर्श निर्मल शसक्त स्मार्ट और विकसित है

## रायपुर में होगा प्रकृति मित्र व गौ माता सेवक सम्मान का आयोजन

**रायपुर 24 अप्रैल।** राजधानी रायपुर एक ऐसे कार्यक्रम की मेजबानी करने जा रही है जिसमें प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में कार्य करने वाली सस्थाओं, शैक्षणिक सस्थाओं एवं व्यक्तियों का सम्मान होगा. कार्यक्रम 26 अप्रैल 2026 रविवार को शाम 04 बजे से तेलीबांधा स्थिति मैगनेटो में आयोजित होगा. इस अवसर पर गौ माता सेवक सम्मान के अंतर्गत गौ सेवकों का विशेष रूप सम्मान भी किया जायेगा. यह आयोजन रायपुर की समाजसेवी संस्था खुशियां बाँटे अभियान द्वारा आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग होंगी. जबकि अध्यक्षता रायपुर की प्रथम महिला महापौर श्रीमती मीनल चौबे करेंगी. विशिष्ट अतिथि के रूप में ख्याति प्राप्त चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित को आमंत्रित किया गया हैं. विगत एक माह से संस्था निःशुल्क सकोरा वितरण कर लोगों को गौरैया बचाओ अभियान से जोड़ रही है. सेव बर्ड सेव नेचर की थीम पर यह पुरा आयोजन हो रहा है जोकि प्रकृति को समर्पित है. इस अवसर पर सेव बर्ड सेव नेचर थीम पर ड्राइंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया हैं. अभियान के सस्थापक सौरभ बख्शी ने रायपुर में मीडिया से चर्चा में बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूक और प्रेरित करना है।

## अतिक्रमण पर रोक के बावजूद निर्माण कार्य जारी भाजपा नेता के खिलाफ जन आक्रोश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 24 अप्रैल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर शहर एवं कांकेर ग्रामीण संयुक्त तत्वाधान कांकेर शहर में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर प्रदर्शन तथा ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्र में लगातार हो रहे बिजली अवरोध और बिजली के आंख मिचौली को लेकर कांग्रेस नेताओं ने घड़ी चौक में विरोध प्रदर्शन किया और उप मुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें कांग्रेस ने प्रमुखता के साथ शहर में हो रहे शासकीय भूमि पर कब्जा के संबंध में उल्लेख करते हुए छ.ग. राज्य मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा जी के द्वारा नजूल भूमि की प्राप्त पट्टे 76 वर्गमीटर क्षेत्रफल की भूमि से अधिक 112 वर्गमीटर की भूमि पर स्थित वृक्ष की अवैध रूप से कटाई कर शासकीय भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण करने के उद्देश्य से नीव की खुदाई कर ईंटो से दिवाल की जोडाई किया जा रहा है जबकि इस संबंध में न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उ.ब. कांकेर के पारित स्थगन आदेश दिनांक 13/04/2026 को उक्त कार्य पर रोक लगाने एवं निर्माण कार्य को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। जिसे अतिक्रमणकारी द्वारा पालन ना करते हुए आज भी सत्ता की आड़ में निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे जन आक्रोष की स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। अतः उक्त निर्माण कार्य को तत्काल रोक लगाकर अवैधानिक रूप से तैयार किये जा रहे मकान एंव दिवाल को हटाकर कब्जा मुक्त किया जावे साथ ही अवैध तरीके से पेड़ की कटाई किये जाने के संबंध में संबंधित पर वन अपराध का प्रकरण दर्ज किया जावे। साथ ही कांकेर शिव नगर वार्ड में लगातार भाजपा नेताओं के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान/भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसे मोहल्लेवासियों में आक्रोष की स्थिति है और पार्षद के भाई विजय जैन, द्वारा शासकीय भूमि पर कच्चा मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है। जिसे तत्काल हटाने की कार्यवाही कर संबंधित पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही किया जावे। इसी प्रकार शहर की विभिन्न वार्डों में भी रिक्त शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है जिसे तत्काल रोक लगाई जावे। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से जिले के प्रभारी मंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए

कांकेर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में बिजली विभाग के लापरवाही एवं उदासीन सेवाओं के कारण से लगातार बिजली अवरूद्ध रहता हैं लो वोल्टेज और बिजली के फुल्चुवेशन के कारण से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए बिजली अवरोध के दौरान कार्यालय में उपस्थित जिम्मेदार शिकायत शाखा में मोबाईल अथवा फोन नंबर बंद कर दिया जाता है। बिना पूर्व सूचना के निर्धारित समय से अधिक समय के लिए बिजली अवरोध कर दिया जाता हैं जिससे पूरा जन-जीवन प्रभावित होता हैं बिजली विभाग के इस अव्यवस्था के खिलाफ जन आक्रोष पनप रहा हैं। इस संबंध में तत्काल व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार श्री देवांगन तथा बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने मांग पर कार्यवाही का आश्वासन दिया और व्यवस्था में सुधार करने की बात कही। प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत यादव, प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर,शहर अध्यक्ष यासीन कराणी, ग्रामीण अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव, सुनील गोस्वामीं,राजेश भास्कर,पुरुषोत्ताम पाटिल,मनोज जैन,गफ्फार मेमन, सरजू शोरी,शिवभान ठाकुर गोमती सलाम,मृदुला भास्कर, भारती सलाम, विनोद शोरी, अजय रेणु, अजय भासवानी,सोमेश सोनी, शिवांकित श्रीवास्तव,खोमेंद्र ऊईके,देवेन्द्र साहू,सूर्या नेताम,अशोक ऊके,देवेन्द्र मेश्राम,दिलीप नाग, दीपक शोरी, किसन साहू, देवकुमार साहू, कृष्ण कुमार अत्री,विजय यादव, चमन साहू, बसंत साहू, कमल नागवंशी, कमलेश पदमाकर, नरसिंह तेता, पवन कांगे,दिलीप पदमाकर, पंचराम सलाम, रंजन गोस्वामी, लक्ष्मी सहारे, तारणी सोनी, संत मंडावी आदि उपस्थित थे।

## अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन, 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया प्रशिक्षित



**राजनांदगांव 24 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर की उपस्थिति में रक्षित केंद्र राजनांदगांव में अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, निरीक्षक दिलीप पटेल, पुलिस चौकी तुमडीबोड़ के एमटीओ रघुराज सिंह, उप निरीक्षक रोहित खुटे सहित 70 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही फायर स्टेशन प्रभारी इमाम बेग एवं उनकी टीम के फायरमैन तरुण कुमार साहू, पुमेश कुमार सोरी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस बल को अग्निशमन यंत्रों के प्रभावी उपयोग, आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव के उपाय एवं सुरक्षा मानकों के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के अग्निशमन उपकरणों का उपयोग कर आग पर नियंत्रण पाने का अभ्यास भी कराया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर आगजनी जैसी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सक्षम बनाना रहा।

### प्रशासन की सक्रियता से 3 बाल विवाह पर लगी रोक

**बलौदाबाजार, 24 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम के द्वारा अक्षय तृतीया के दूसरे दिवस पर बाल विवाह की रोकथाम करने एवं समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक बाल विवाह के दूरगामी दुष्प्रभावों की जानकारी का प्रसार करने के लिए बलौदाबाजार भाटापारा एवं पलारी क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान 3 स्थानों पर बाल विवाह होने से रोका गया। 19 एवं 20 अप्रैल को दो दिवसीय महाअभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा कुल 75 मामलों में परिवार के घर जाकर हो रहे विवाह में वर - वधु की आयु का परीक्षण किया गया।

### बजट के 24 घण्टे के अंदर महापौर ने प्रारंभ किया क्रियान्वयन

# निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था अंतर्गत वार्षिक शुल्क के लिए 3 शासकीय स्कूलों में राशि का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 24 अप्रैल।** निर्धन छात्रा शिक्षा व्यवस्था बजट प्रावधान क्रियान्वयन अंतर्गत आज महापौर श्री मधुसूदन यादव की उपस्थिति में महापौर कक्ष में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती तथा निगम पदाधिकारियो की उपस्थिति में महापौर ने ठा.प्यारेलाल सिंह उ.मा.शाला के प्राचार्य श्री राजेन्द्र सिंह बघेल, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा.शाला की प्राचार्य श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला तथा पदुमलाल पुनालाल बक्शी उ.मा.शाला की प्राचार्य श्रीमती सुनिता खरे को स्कूल की निर्धन छात्राओ के वार्षिक शुल्क जमा करने 30-30 हजार रूपये का चेक दिया।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आहुत बैठक में सदन में पेश किया गया। बजट में विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट पारित होने के 24 घण्टे के अंदर महापौर श्री यादव ने निर्धन छात्राओ की शिक्षा व्यवस्था संबंधी प्रावधान का क्रियान्वयन करने निर्देशित किए। निर्देशानुसार विभागीय प्रक्रिया कर उक्त प्रावधान का क्रियान्वयन अंतर्गत प्राचार्यो को निर्धन छात्राओ के वार्षिक शुल्क एवं अन्य शुल्क जमा करने चेक दिया गया।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के बजट में हमने मूलभूत सुविधा सहित शहर विकास के अलावा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ को समाहित किया है। जिसका क्रियान्वयन करने का संकल्प हमने सदन में लिया था। संकल्प अनुसार निर्धन छात्राओ को निःशुल्क शिक्षा संबंधी प्रावधान का आज ही क्रियान्वयन किया और उसके लिए 3 शासकीय स्कूल के निर्धन छात्राओ के वार्षिक शुल्क एवं अन्य शुल्क के लिए चेक प्राचार्यो को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान को पहले क्रियान्वयन करने का उद्देश्य यह है कि शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है और विद्यार्थियों की फीस जमा करने की प्रक्रिया स्कूलो मे की जा रही है। स्कूलो में राशि देने से प्राचार्य निर्धन छात्राओ का फीस जमा करेगे जिससे छात्रा के शिक्षा में व्यावधान उत्पन्न नही होगा।

कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री सुनील साहू, राजेश जैन रानू,श्रीमती बीना ध्रुव, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, श्रीमती वर्षा सिन्हा, डीलेश्वर प्रसाद साहू,वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमीन यादव, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षदगण सर्वश्री मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा श्रीवास्तव,प्रमोद झंझाडे, कुलेश्वर ध्रुव, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर,चन्द्रशेखर लश्करे, रवि सिन्हा, सतीश साहू, श्रीमती अमृता सिन्हा, सेवक राम उइके,डुरेन्द्र साहू, संजय रजक व चन्द्रकृत साहू,पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री मुकेश ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि श्री नादान सेन, श्री समीर श्रीवास्तव, श्री राजेश यादव, पंकज कुरंजेकर के अलावा शिक्षा सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा व शिक्षक उपस्थित थे।

# सचिन खेल को बढ़ावा देने बस्तर आए,यही बड़ी बात है

देश के महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन छत्तीसगढ़ तो कई बार क्रिकेट खेलने आए हैं। इस बार वह छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र बस्तर आए है सचिन जैसे महान खिलाड़ी के लिए बस्तर के बच्चों के लिए समय निकालकर खेलों को बढ़ावा देने के लिए आना ही अपने आप में बड़ी बात है। देश में कई खेलों के बड़े बड़े खिलाड़ी हैं, वह अपने राज्य में अपने क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने का काम करते होंगे।सचिन भी चाहते तो अपने राज्य महाराष्ट्र तक ही सीमित रहकर वहां के बच्चों में खेल को बढ़ावा देने का काम कर सकते थे।क्रिकेट अकादमी खोलकर बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दे सकते थे और पैसा कमा सकते थे लेकिन उन्होंने बस्तर को चुना खेल को बढ़ावा देने के लिए। उनकी यही सोच उनको बाकी बड़े खिलाड़ियों से अलग करती है।आजकर बड़े खिलाड़ी तो पैसा बहुत कमाते हैं लेकिन पैसों का सदुपयोग करना नहीं जानते हैं.जिस देश के लोगों ने उनको पैसा दिया है, वह देश के बच्चों के लिए उस पैसे का एक हिस्सा खर्च नहीं करना चाहते हैं। सचिन ने पैसा कमाया है तो वह कमाए पैसों का सदुपयोग भी कर रहे हैं। पीएम मोदी जब भी देश के किसी प्रतियोगिता में विजयी खिलााड़ियों से मिलते हैं तो चाहे वह ओलिंपिक विजेता को,विश्वकप विजेता है, महिला हों या पुरुष खिलाड़ी है पैरा खिलाड़ी हो उनसे यह जरूर कहते हैं कि आप अपने शहर के तीन स्कूल में जरूर जाना, शहर के बच्चों के बीच जरूर जाना।इससे बच्चों को खेलने की प्रेरणा मिलती है।सचिन तो इस मामले में सभी खिलाड़ियों से ज्यादा लोकप्रिय है और वह जैसा जीवन जीते हैं, उससे उनको देश का सबसे आदर्श खिलाड़ी माना जा सकता है। वह आज जब बस्तर आए तो ऐसा लगा कि महान लोगों की सोच में कितनी समानता होती है, पीएम मोदी चाहते है कि महान खिलाड़ियों को बच्चों को बीच जाना चाहिए और महान खिलाड़ी सचिन बस्तर के बच्चों के बीच आते हैं तो बच्चों को बड़ी प्रेरणा मिलना स्वाभाविक है। देश के महान खिलाड़ी से देश के बच्चों को महान खिलाड़ी बनने की प्रेरणा मिलती है। ।देश मे एक महान खिलाड़ी होने पर कई महान खिलाड़ी पैदा होने की पूरी संभावना होती है। सचिन ने इस देश में क्रिकेट का सबसे ज्यादा लोकप्रिय बनाया है। आज देश में सबसे ज्यादा क्रिकेट खिलाड़ी हैं तो उनमें ज्यादातर ने सचिन को ही क्रिकेट खेलते देखकर क्रिकेट खेलना शुरू किया और आज देश में विराट कोहली,युवराज,रोहित शर्मा,धोनी आदि दूसरी पीढ़ी के खिलाड़ियों के बाद आज देश में क्रिकेट में क्रिकेट की तीसरी व चौथी पीढ़ी तैयार हो रही है।बड़े खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर ही खिलाड़ी बड़ा खिलाड़ी बनने का सपना देखता है और कपिल,गावस्कर को देखकर सचिन सचिन बनता है तो सचिन को देखकर विराट कोहली, युवराज आदि बनते हैं।विराट कोहली के बाद अभिषेक,वैभव बडा खिलाड़ी बनने का सपना देखते हैं। किसी देश में एक महान खिलाड़ी पैदा होता है तो उसके बाद उससे प्रेरणा लेकर कई महान खिलाड़ी पैदा होते हैं। सचिन ने बचपन में मुंबई की गलियों मे क्रिकेट खेलकर महान खिलाड़ी बने है वह जानते हैं कि बस्तर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में तो खेल की सुविधाओं की बहुत कमी होगी लेकिन खेल प्रतिभा बहुत होगी। यही वजह है कि वह बस्तर आकर कहते हैं कि खेल के प्रति जुनून के साथ ही खेल सुविधाओं का होना जरूरी है कम से में कम न्यूनतम सुविधाएं तो होनी चाहिए। आदि एक अच्छा मैदान खेलने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होता है।यही वजह है सचिन का जोर शुरुआत में बस्तर में खिलाड़ियों को कुछ अच्छे मैदान उपलब्ध कराना है।वह ऐसा कर रहे तो माना जा सकता है कि वह ऐसा करने में जरूर सफल होंगे। मैदान के बाद खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की जरूरत होती है तो सचिन के फाउंडेशन का प्रयास है कि क्षेत्र के लोगों को ही खेल का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षक बनाया जाए।सचिन ने इस साल शुरुआत की है। आने वाले समय में बस्तर में खेलों का विकास होगा और अच्छे खिलाड़ी बस्तर से निकलकर देश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। सरकार भी अपने स्तर पर बस्तर व सरगुजा ओलिंपिक का आयोजन कर राज्य के आदिवासी युवाओं को खेल मंच मुहैया करा रही है।इससे आदिवासी क्षेत्र की प्रतिभाओं का अपने प्रतिभा प्रदर्शन करने का मौका मिल रहा है।इस काम में सचिन के शामिल होने से यह काम और अच्छे से हो सकेगा और वह बस्तर जो कभी नक्सलियों आतंक के लिए बदनाम था आने वाले समय में अपने खिलाड़ियों के खेल के कारण जाना जाएगा ।

## दृष्टिकोण

# आलस्य से उपजा नैराश्य,जीवन की उन्नति में बाधा

**संजीव ठाकुर**



यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है। यह जीवन को निरर्थक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि आक्रमण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए । यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं



महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए।इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है।ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे। ट्रांसफर के लिए परेशान लोगों को पसंदीदा जगह ट्रांसफर की खुशखबरी मिलेगी। किसी अनजान की मदद करके आप अपने आप को कुछ बेहतर फील महसूस करेंगे।

वृषभ राशिः वृषभ राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। किसी से लिया ऋण आज वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी और आपका मन हल्का होगा। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द की वृद्धि होगी। आज बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनियरिंग के छात्रों को आगे बढऩे के मौके मिलेंगे। आज महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा। आज नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नई ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे। आज अपने निर्णय में परिवार वालों की सलाह लेंगे। आज अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान जरूर देना होगा।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप धन खर्च करेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज जरूरत से ज्यादा खर्चो पर रोक लगाना चाहिए। विद्यार्थी अपने रुके काम को पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप फिट रहेंगे।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लगाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसल्टेंट से बातचीत करेंगे। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच और ज्यादा प्रेम बढ़ेगा।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद चीजों की शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके दोस्त आपसे मुलाकात करने घर आ सकते हैं। लवमेट आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होंगी।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज के दिन आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। लवमेट की आज फोन पर देर तक बात होगी। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त-दुरुस्त बना रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जमकर करें, जल्द ही अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर से चेक कराएंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पाएंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझनें आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा। आज आप अपनी माता की मनपसंद चीज लाकर गिफ्ट देंगे। बुजुर्गों का आज दान पुण्य के कार्यों में मन लगेगा। अपनी बात जो आप अपने परिवार वालों के साथ शेयर करेंगे।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही ईएमआई पूरी होगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज बेटे का रिजल्ट आ सकता है, नतीजा आपके पक्ष में होगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। आज किसी कार्य में आपके विरोधी आपकी सलाह मांगेंगे।

# नशे की लत से स्वास्थ्य, संबंध और कार्यक्षमता पर गहराता संकट

**डॉ नीतीश शुक्ला**

एक चिकित्सक के रूप में मेरा यह अनुभव रहा है कि शराब का अत्यधिक सेवन अब केवल व्यक्तिगत आदत नहीं रहा, बल्कि यह धीरे-धीरे एक व्यापक सामाजिक और व्यावसायिक समस्या का रूप ले चुका है। विशेष रूप से कार्यस्थलों पर इसका बढ़ता प्रभाव न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि संस्थागत कार्यसंस्कृति को भी कमजोर कर रहा है।



शराब का प्रभाव सबसे पहले व्यक्ति की केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (Central Nervous System) पर पड़ता है। इससे निर्णय क्षमता, एकाग्रता और व्यवहार नियंत्रण प्रभावित होते हैं। प्रारंभिक अवस्था में व्यक्ति को यह सामान्य या नियंत्रित प्रतीत हो सकता है, लेकिन नियमित सेवन धीरे-धीरे निर्भरता (dependence) और फिर लत (addiction) में बदल जाता है। यही वह बिंदु है जहां व्यक्ति अपने कार्य और जिम्मेदारियों से विचलित होने लगता है।

कार्यस्थलों पर शराब सेवन का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव उत्पादकता में गिरावट के रूप में सामने आता है। समय पर निर्णय लेने में असमर्थता, कार्य में त्रुटियां, अनुशासनहीनता और अनुपस्थिति जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इससे न केवल व्यक्ति की कार्यक्षमता घटती है, बल्कि पूरे संगठन की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

चिकित्सकीय दृष्टि से अधिक चिंताजनक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब नशे की अवस्था में व्यक्ति का व्यवहार आक्रामक हो जाता है। ऐसे में सहकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार, मानसिक तनाव और असुरक्षित कार्य वातावरण जैसी स्थितियां उत्पन्न होती हैं। यह स्थिति केवल सामाजिक नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य (mental health) का भी गंभीर संकेत है।

इसके अतिरिक्त, दीर्घकालिक मद्यपान से यकृत (liver) संबंधी रोग, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और मानसिक विकारों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इस प्रकार यह समस्या केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण जीवन को प्रभावित करती है।

समाधान के रूप में आवश्यक है कि कार्यस्थलों पर शून्य सहिष्णुता नीति (zero tolerance policy) अपनाई जाए। नियमित स्वास्थ्य जांच, मनोवैज्ञानिक परामर्श (counseling) तथा नशामुक्ति कार्यक्रमों को संस्थागत स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। साथ ही, ऐसे व्यक्तियों को दंडित करने के बजाय उन्हें चिकित्सकीय सहायता और पुनर्वास (rehabilitation) की दिशा में प्रोत्साहित किया जाना अधिक प्रभावी होगा।अंततः, यह समझना आवश्यक है कि मद्यपान की लत कोई नैतिक विफलता नहीं, बल्कि एक चिकित्सकीय स्थिति है, जिसका समय पर उपचार संभव है। यदि समाज, संस्थान और चिकित्सा तंत्र मिलकर कार्य करें, तो इस बढ़ती समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है और एक स्वस्थ, सुरक्षित तथा उत्पादक कार्यसंस्कृति का निर्माण संभव है।

## विचार

# नारी शक्ति वंदन पर राष्ट्र के नाम रुंदन भरा संबोधन

**निर्मल रानी**



मध्य एशिया में छिड़े संघर्ष के परिणामस्वरूप पूरे विश्व में मंहगाई व बेरोज़गारी बढ़ती जा रही है। भारत में भी गैस व सिलेंडर के अभाव के कारण लगने वाली लंबी लंबी क़तारों के साथ ही हज़ारों छोटे व मध्यम उद्योगों के बंद होने के समाचार मिल रहे हैं। विभिन्न औद्योगिक नगरियों से कामगारों के ऐसे दर्दनाक दृश्य दिखाई दे रहे हैं जो कोरोना काल के समय हुये प्रवासियों के पलायन की याद दिला रहे हैं। परन्तु हमारे देश की सरकार व यहाँ के नेता इन वास्तविकताओं से मुंह मोड़कर हमेशा की तरह आज भी 'चुनावी मोड ' में हैं। प्रायः ऐसा देखा गया है कि चुनावी बेला में कुछ न कुछ ऐसा शगूफ़ा ज़रूर छोड़ा जाता है जो सत्ता के पक्ष में,चुनाव को प्रभावित करने,विपक्ष को बदनाम करने,चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा सत्ता का दुरूपयोग करने वाला हो। परन्तु इन चुनावी महारथियों को इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता क्योंकि चुनाव आयोग सहित अनेक संस्थाओं पर सत्ता ने अपनी पकड़ मज़बूत जो कर ली है ?

देश ने पिछले दिनों एक ऐसा ही 'हाई प्रोफ़ाइल ' राजनैतिक ड्रामा देखा। केंद्र सरकार ने अचानक 16 से 18 अप्रैल 2026 तक संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुला लिया। सरकार की तरफ़ से पहले तो इस आपात सत्र को बुलाने के कारण को भी सांसदों से गुप्त रखा गया। फिर एन वक़्त पर बताया गया कि इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक जिसे वर्तमान सरकार ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का नाम दिया है इसे जल्द लागू करने के लिए लोकसभा की सीटों का परिसीमन करना व इनकी संख्या 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने संबंधी संशोधन विधेयक पारित कराना है। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से 2029 के आम चुनावों से पहले 33% महिला आरक्षण लागू हो सकेगा। यही बताकर लोकसभा में विगत 17 अप्रैल को 131 वां संविधान संशोधन विधेयक सरकार द्वारा पेश किया गया जो मतदान के बाद पारित नहीं हो सका। क्योंकि इस संविधान संशोधन विधेयक को पारित होने के लिये लोकसभा में विशेष यानी दो तिहाई बहुमत की ज़रूरत थी। गोया वर्तमान में लोकसभा में कुल 543 सदस्य हैं और कुल सदस्यों का सामान्य बहुमत लगभग 272 होता है जोकि सरकार के गठन के लिये तो पर्याप्त है परन्तु संविधान संशोधन के लिये उपस्थित और मतदान करने वालों सदस्यों में दो-तिहाई बहुमत के लिए सामान्यतः 362 या इससे अधिक वोट चाहिए। परन्तु चूँकि केवल 298 मत विधेयक के पक्ष में और 230 इस के विपक्ष में पड़े इसलिये यह विधेयक पारित नहीं हो सका। वैसे भी इतना महत्वपूर्ण विधेयक सदन की पटल पर लाने से पूर्व जिसपर परिसीमन को लेकर चर्चा की जाने थी, सत्ता पक्ष ने विपक्ष से बात करना,सर्वदलीय बैठक बुलाना या विपक्ष को विश्वास में लेना भी ज़रूरी नहीं समझा।

अब इस 'नारी शक्ति वंदन' नामक विधेयक के गिरने के बाद सत्ता ने एक बड़ा है 'हाई वोल्टेज ड्रामा' शुरू किया जिस के तहत पहले तो



प्रधानमंत्री ने कैबिनेट की बैठक में विधेयक गिरने का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ा और बाद में प्रधानमंत्री ने 'राष्ट्र के नाम संबोधन' किया जो कि एक रुन्दन भरा व शत प्रतिशत चुनावी भाषण जैसा सम्बोधन था। जनता के टैक्स के पैसों से संचालित होने वाले दूरदर्शन,संसद टी वी व ऑल इंडिया रेडिओ जैसे चैनल्स पर इसे लाइव प्रसारित किया गया। जबकि सत्ता के गुणगान में लगे 'गोदी मीडिया ' के अधिकांश निजी चैनल्स ने भी इसे लाईव प्रसारित किया। यह संबोधन पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, विपक्षी दलों को बदनाम करने,कई राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच चुनाव को प्रभावित करने वाला तथा चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन था। सही मायने में सरकार की जितनी फ़ज़ीहत विधेयक के पारित न होने से हुई थी उससे कहीं ज़्यादा इस तथाकथित 'राष्ट्र संबोधन ' से हो गयी। 18 अप्रैल को 'राष्ट्र के नाम सम्बोधन' के नाम पर दिये गये इस 29 मिनट के चुनावी भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया बल्कि अन्य कई विपक्षी दलों के अतिरिक्त 58 बार केवल कांग्रेस पार्टी का नाम लेकर उसे ख़ूब कोसा। इसके बाद देश के 700 से अधिक पूर्व नौकरशाहों व विशिष्ट लोगों ने भारतीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई कि प्रधानमंत्री के प्रसारण में चुनाव अचार संहिता की धज्जियाँ उड़ाई गयीं और प्रधानमंत्री का भाषण चुनाव अचार संहिता का सरासर उल्लंघन है। क्योंकि चुनाव अचार संहिता के लागू होने के बावजूद सरकारी टी वी प्रसारण के द्वारा चुनाव प्रचार किया गया और पार्टी प्रोपेगैंडा करने के लिए सरकारी मास मीडिया प्लेटफ़ार्म का दुरूपयोग किया गया जोकि चुनाव नियमों का गंभीर उल्लंघन है। निश्चित रूप से देश के इतिहास में यह पहला मौक़ा था जबकि किसी प्रधानमंत्री ने केवल विपक्ष को बदनाम करने व उसकी आलोचना करने के लिए 'राष्ट्र को संबोधित' करने के बहाने इस तरह से सरकारी प्लेटफ़ॉर्म का इस्तेमाल किया हो।इसके बाद मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने जिसतरह आंकड़ों व तथ्यों के साथ भाजपा को आइना दिखाना शुरू किया उससे तो भाजपाइयों के लेने के देने पड़ गये। ,सबसे पहले तो कांग्रेस ने कहा कि जो महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है उसे पुनः पारित करने का अर्थ क्या है ? नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ये दरअसल महिला आरक्षण विधेयक नहीं है बल्कि भारत के वर्तमान चुनावी ढांचे को बदलने की साज़िश है। राहुल गांधी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण चाहते हैं तो 2023 का पारित हो चुका महिला विधेयक लायें और उसे आज ही लागू करें तो पूरा विपक्ष समर्थन देगा। साथ ही इस विधेयक के गिरने के बाद महिलाओं की हमदर्दी में घड़ियाली आंसू बहाने व विपक्ष पर ही हमलावर होने वाली भाजपा से इसी विपक्ष ने ऐसे सवाल पूछने शुरू कर दिए जिसका भाजपा के लाछ्री नेताओं के पास कोई जवाब नहीं।

महिला आरक्षण के इन स्वयंभू सत्ताधारी हमदर्दों से विपक्ष ने यह भी पूछा कि सबसे ज़्यादा सांसद होने के बाद भी बीजेपी की महिला सांसदों की संख्या का अनुपात अन्य राजनैतिक दलों की तुलना में सबसे कम क्यों है ? ग़ौरतलब है कि वर्तमान लोकसभा में बीजेपी के 240 लोकसभा सांसदों में केवल 31 महिलाएं हैं अर्थात उनकी संख्या मात्र 12.90% है। जबकि कांग्रेस के 98 सांसदों में 14 यानी 14.30% इसी प्रकार टीएमसी के 29 में 11 महिला सांसद यानी 37.90% महिलाएं हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी में भी 37 में 5 यानी 13.50% महिला सांसद हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने भाजपा का यह चिट्ठा भी खोलकर रख दिया कि भाजपा के शासन में यहाँ तक कि स्वयं अनेक भाजपा नेताओं द्वारा नारियों का किस तरह शोषण व अपमान किया गया है व किया जा रहा है। इसलिये यह कहना ग़लत नहीं होगा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के गिरने पर प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम रुन्दन भरा संबोधन कोरी राजनीति,आचार संहिता का उल्लंघन ,जनता के टैक्स के पैसों का दुरूपयोग और भाजपा की हताशा के सिवा और कुछ नहीं था।

## व्यंग्य

# विज्ञापनों का ब्रह्मास्त्र

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

पिंटू एक सीधा-साधा लड़का था, जब तक कि उसके घर में 'स्मार्ट टीवी' नहीं आया था। पहले विज्ञापन ने उसे बताया कि उसकी मुस्कान 'पीली' है, इसलिए उसे लड़की नहीं मिलेगी। पिंटू ने तीन तरह के 'कोयले वाले पेस्ट' खरीदे। दूसरे विज्ञापन ने उसे यकीन दिलाया कि उसका शरीर 'मर्दाना' नहीं है, क्योंकि वह एक खास ब्रांड का 'एनर्जी ड्रिंक' नहीं पीता। पिंटू ने डिब्बे के डिब्बे खाली कर दिए, पर एनर्जी के नाम पर



उसे केवल 'शुगर' मिली। फिर एक 'फेयरनेस क्रीम' आई, जिसने दावा किया कि सफलता का रास्ता 'मेलेनिन' को मारने से होकर गुजरता है। पिंटू ने चेहरे पर इतना लेप लगाया कि उसकी अपनी माँ उसे पहचान नहीं पाई। विज्ञापनदाता जानते थे कि पिंटू को सामान नहीं, बल्कि 'हीनभावना' बेचनी है। उन्होंने उसे बताया कि उसके जूतों की आवाज 'सस्तेपन' का अहसास कराती है और उसके फोन का कैमरा 'गिरे हुए स्टेटस' का प्रतीक है। पिंटू ने अपनी मेहनत की सारी कमाई उन चीजों पर खर्च कर दी जिनकी उसे जरूरत नहीं थी, उन लोगों को दिखाने के लिए जो उसे जानते तक नहीं थे। एक दिन पिंटू ने आईने में देखा, तो उसे वहां कोई इंसान नहीं, बल्कि एक 'चलता-फिरता विज्ञापन' दिखा। उसकी शर्ट पर कंपनी का नाम था, जूतों पर लोगो था, और दिमाग में विज्ञापन की टैगलाइन्स। जब पिंटू की जेब खाली हो गई, तो विज्ञापनों ने उसे 'लोन' के विज्ञापन दिखाने शुरू कर दिए। अब पिंटू अपनी 'किस्तों' के लिए जी रहा था। उसे समझ आया कि उसने अपनी 'मौलिकता' को 'ब्रांड' के नाम पर नीलाम कर दिया है, और अब वह समाज के उस शोरूम का एक हिस्सा है जहाँ इंसान नहीं, केवल 'प्राइस टैग' बसते हैं।

एक नजर

### नारी सम्मान पर प्रहार करने वालों को जनता देगी करारा जवाब: ओजस्वी भीमा मंडावी



**दन्तेवाड़ा 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नारी शक्ति के अधिकारों को रोककर जश्न मनाने वाली कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि नारी सम्मान के विरुद्ध किया गया हर प्रयास अंततः उन्हीं पर भारी पड़ेगा। आज देश में महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ और संकीर्ण सोच के कारण महिलाओं के अधिकारों को बाधित करने का कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय है। नारी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उनके अधिकारों की उपेक्षा करना, उनके सम्मान को ठेस पहुंचाना और उनके विकास में बाधा उत्पन्न करना किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकता। मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि देश की नारी अब जागरूक है, सशक्त है और अपने अधिकारों के प्रति सजग है। जो भी शक्तियां उनके अधिकारों पर प्रहार करेंगी, उन्हें जनता के बीच इसका जवाब अवश्य मिलेगा।नारी सम्मान सर्वोपरि है और इसके संरक्षण के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

### महिला आरक्षण अधिनियम पर भाजपा कर रही विधवा प्रलाप : रेखचंद जैन



**जगदलपुर, 24 अप्रैल।** महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए जगदलपुर के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा है कि जिस विधेयक को लेकर भाजपा आज बयानबाजी कर रही है, उसे तीन वर्ष पहले ही वर्तमान संसद भवन में पारित किया जा चुका था। मीडिया को जारी बयान में जैन ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार स्वयं इस अधिनियम को अधिसूचित करना भूल गई थी। हाल ही में बुलाए गए तीन दिवसीय विशेष सत्र के दौरान जल्दबाजी में 17 अप्रैल 2026 को इसे अधिसूचित कराया गया। उन्होंने इसे राजनीतिक कदम बताते हुए कहा कि यह सब घटते जनाधार को संभालने की कोशिश है। जैन ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का जनाधार लगातार कमजोर हो रहा है, जिससे घबराकर पार्टी देशभर में नौटंकी÷कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को महिलाओं के हितों से कोई वास्तविक सरोकार नहीं है, बल्कि यह केवल दिखावा है। उन्होंने आगे कहा कि यदि भाजपा सच में महिला हितैषी होती, तो कांग्रेस द्वारा लोकसभा की एक-तिहाई यानी 181 सीटों को तत्काल आरक्षित करने की चुनौती को स्वीकार करती। जैन ने यह भी कहा कि 2014 में किए गए वादों की हकीकत अब जनता के सामने आ चुकी है और भाजपा की कलई खुल रही है। उन्होंने दावा किया कि जनता सब कुछ देख और समझ रही है।

### मिट्टी की दशा में सुधार और उत्पादन क्षमता में वृद्धि करती है हरी खाद

**कांकेर 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मृदा (मिट्टी) के लगातार दोहन से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिए आवश्यक तत्व नष्ट होते जा रहे हैं। इनकी क्षतिपूर्ति के लिए व मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाये रखने के लिए हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों के लिए हरी खाद को बेहतर विकल्प के तौर पर उपयोग करने हेतु समसामयिक सलाह दी है। इस संबंध में बताया गया कि हरी खाद उस फसल को कहते हैं, जिसकी खेती मुख्यतः भूमि में पोषक तत्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। हरी खाद वाली फसल के रूप में मुख्यतः ढेंचा, सन, लोबिया, मूंग, उड़द, ग्वार, बरसीम आदि फसलों का उपयोग किया जाता है। इनमें से भी ढेंचा व सन अत्यधिक उपयोग किए जाते हैं। इन हरी खाद वाली फसलों को उगाकर इन्हें खड़ी अवस्था में ही फूल आने से पहले (40-45 दिन बाद) मिट्टी में ट्रैक्टर से हल चलाकर दबा दिया जाता है। इसके बाद ये फसलें सड़कर लगभग 10-15 दिन में खाद बनती है, इसे ही हरी खाद कहा जाता है। इसके बाद खेतों में धान की रोपाई की जाती है।

# फर्जी ग्रामसभा के दस्तावेज से खदान शुरू करने की साजिश, एनएमडीसी को ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल 24 अप्रैल।** अपने दो दिवसीय किरन्दुल - बचेली प्रवास पर आए एनएमडीसी सीएमडी को ज्ञापन देने पहुँचे स्थानीय युवाओ का हाई वोल्टेज ड्रामा भी आज उस समय समाप्त हुआ जब बचेली एनएमडीसी प्रबंधन ने आखिर उनकी मुलाकात एनएमडीसी सीएमडी से करवाई। जानकारी के लिए बता दे कि ये स्थानीय युवा काफी समय से एनसीएल के किरन्दुल स्थित खदान क्र 13 एवं भांसी स्थित खदान क्र 04 के विरोध कर रहे है कि जंगलों की कटाई नही की जाए क्योंकि इससे पर्यावरण को नुकसान होगा। स्थानीय युवाओ का एन.एम.डी.सी. सी.एम.डी. से मिलने के लिए दो दिनों तक कई हाई वोल्टेज ड्रामा भी चला जिसमे पहले दिन तो वो किरन्दुल के सी.आई.एस.एफ चेकपोस्ट पर शांतिपूर्ण धरने पर बैठे और मुलाकात करवाने का अश्वासन मिलने पर धरना समाप्त किया तो वही दूसरे दिन भी जब मुलाकात नही करवाई गई तो गुस्साए युवकों ने बचेली एन.एम.डी.सी. सी.आई.एस.एफ चेकपोस्ट के सामने ही एन.एम.डी.सी. के सी.एम.डी. का पुतला फूंक दिया और नारेबाजी करने लगे तो अंततः उन्हें मिलवाने का वादा पूरा किया गया और तीसरे दिन की सुबह उन युवाओ की मुलाकात करवाई गई।

आज तड़के जब स्थानीय युवाओ को एन.एम.डी.सी. के सी.एम.डी. से मुलाकात करवाई गई तो माहौल काफी गंभीर था क्योंकि अपने ज्ञापन में मुख्य मांग को रखते हुए युवाओ ने कहा कि एनसीएल के खदान क्र 04 और 13 को निरस्त किया जाए। साक्ष्यों के साथ पहुँचे युवाओ ने जब सी.एम.डी. को बताया कि कैसे ग्रामीणों के विरोध के बाद भी खदानो को शुरू करने की जुगत में लगे हुए है तो सी.एम.डी. अमिताव मुखर्जी जी थोड़े अचंभित नज़र आये। युवाओ ने जब सी.एम.डी. को साक्ष्य दिखाए के कैसे फ़र्ज़ी ग्रामसभा/ दस्तावेज़ों के साथ इस खदान को शुरू किया जा रहा है तब जवाब देने की बारी आई तो एन.एम.डी.सी. के अधिकारी अपनी बगले झाँकते नज़र आये। स्थानीय युवाओ ने एक स्वर में कहा कि ज्ञापन के माध्यम से हम सिर्फ संदेश देना चाहते है कि खदानों को बंद किया जाए अन्यथा आगे और भी उग्र आंदोलन हो सकता है। युवाओ ने अपने ज्ञापन में यह मांग भी रखा कि खदानों के सारे अनुमति दस्तावेज़ों को सार्वजिनक किया जाए और साथ किरन्दुल नगर को धुलमुक्त बनाया जाए और किरन्दुल-बचेली में शासकीय सेवाएं दे रहे कर्मचारियों को भी आवास सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।

# देश की महिलाओं में कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा आक्रोश: वेदवती कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 24 अप्रैल।** संसद में महिला आरक्षण संशोधन बिल के गिरने के बाद से देश भर में भाजपा व कांग्रेस के बीच घमासान मचा हुआ है। इसी मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा गुरूवार को सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेसवार्ता में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती विभा अवस्थी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा को उपस्थित होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से उनका दंतेवाड़ा आना स्थगित हो गया और फिर उनके जगह वेदवती कश्यप (जिला पंचायत अध्यक्ष बस्तर जगदलपुर) को दंतेवाडा भेजा गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रेसवार्ता शाम 4:30 बजे शुरू हुआ। श्रीमती वेदवती कश्यप ने संसद के पटल पर महिला आरक्षण बिल के गिरने पर कहा कि महिला आरक्षण विधेयक तो 2023 में ही दोनों सदनों से पास हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने उनके हक में 33 फीसदी आरक्षण देने जा रही थी लेकिन कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को यह रास नहीं आया और उन्होने संसद में बिल के खिलाफ में वोट कर अपने माथे पर महिला विरोधी होने का ठप्पा लगा लिया। वेदवती कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण पर दशकों तक धोखा दिया है और आज भी इस पर सिर्फ राजनीति कर रही है। कांग्रेस के इस रवैये से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस महिला विरोधी सोच वाली पार्टी है। बिल पारित नहीं होने देने से अब देश भर की महिलाओं में कांग्रेस के प्रति जनाक्रोश बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी कभी नहीं चाहती की महिलाएं आगे आए और राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़े। नरेंद्र मोदी की तारीफ करते वेदवती कश्यप ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्हाला है तभी से उन्होने महिलाओं के उत्थान के लिए कई सारी योजनाएं लागू की है जिसके वजह से ही आज हमारी मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त हो पाई हैं। उज्जवला योजना लाकर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की करोड़ों गरीब महिलाओं को धुंए से आजादी दिलाई आज हर गरीब महिलाओं के पास गैस का कनेक्शन है। प्रधानमंत्री आवास के तहत भी महिलाओं को पक्का मकान देने का काम किया है। ऐसे अनेकों योजनाएं महिलाओं के लिए उन्होने लाया है। मोदी जी देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहते हैं ये बात कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा है। कांग्रेस मोदी विरोध में इस कदर अंधी हो गई है कि उन्होने महिला आरक्षण बिल का भी विरोध कर दिया। मातृ शक्ति का हक छिनकर कांग्रेस ने ठीक नहीं किया उन्हें इसका बहुत बड़ा राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ेगा। महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के हक के लिए एक कल्याणकारी कदम उठाया था महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिले। महिलाओं की भागीदारी संसद में बढ़े। महिलाएं भी पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आगे बढ़ पाए इस सोच के तहत महिला आरक्षण बिल को लाया था मगर जब इसे 16अप्रैल को पटल पर संशोधन के लिए लाया गया तो ऐन वक्त पर कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने इस बिल का समर्थन नहीं किया जिससे यह बिल संसद में गिर गया। देश की आधी आबादी को उनका हक देने का मोदी जी का सपना अधूरा रह गया।

## मड़ई उत्सव में शामिल हुए सांसद महेश कश्यप, देवी-देवताओं से मांगा आशीर्वाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 24 अप्रैल।** बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और लोक आस्था के प्रतीक 'मड़ई उत्सव' के तहत बकावंड ब्लॉक के ग्राम कोर्टा झिटकागुड़ा पारा में भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद कश्यप ने सपरिवार ग्राम के आराध्य देवी-देवताओं के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और बस्तर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि बस्तर के ग्राम देवी-देवता यहां की संस्कृति के आधार स्तंभ हैं और मड़ई जैसे आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। मड़ई उत्सव के दौरान गांव में उत्साह का माहौल रहा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। सांसद ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर चर्चा की। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, उपाध्यक्ष तरुण पांडेय, गंजामी बघेल सहित कई जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर आकाश छिकारा ने शहर के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**जगदलपुर, 24 अप्रैल।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की योजना केवल वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर ही नहीं, बल्कि भविष्य में बढ़ने वाली आबादी और यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए बनाई जानी चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्यों में तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि आमजन को बेहतर और सुरक्षित आवागमन सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पल्ली नाका, धरमपुरा पीजी कॉलेज, महावीर कॉलोनी, एलआईसी चौक, वर्गीस कॉलोनी, आईबीसी कार्यालय, बालाजी मंदिर चौक तथा अनुपमा चौक सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर नाली निर्माण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का मौके पर मुआयना किया। इसके अलावा कलेक्टर ने जलभराव वाले क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।



## ओम अस्पताल में 14 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच, सुरक्षित प्रसव पर जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 24 अप्रैल।** कलेक्टर बस्तर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर के बीएमओ डॉ. आर.एस. भंवर के मार्गदर्शन में उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच एवं सोनोग्राफी के लिए ओम अस्पताल भेजा गया। 22 अप्रैल को नानगुर ब्लॉक से आई 14 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की ओम अस्पताल में डॉ. भवानी भगत द्वारा सफलतापूर्वक सोनोग्राफी की गई। जांच के बाद सभी महिलाओं को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

जांच के लिए आई महिलाओं में डोगाम से 5, कुम्हारावंड से 1, घाटपदमूर से 3, परपा से 2, पडंरीपानी से 2 तथा कुसुमपाल से 1 गर्भवती महिला शामिल थीं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व जांच सुविधा उपलब्ध कराना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। इस दौरान सेक्टर कुम्हारावंड के सुपरवाइजर प्रशांत श्रीवास्तव, नरेशचंद्र मरकाम, काउंसलर टोमेश कश्यप सहित मितानिन कार्यकर्ता और गर्भवती महिलाओं के परिजन उपस्थित रहे।

# प्रबंधक बेमुद्दत हड़ताल पर तेंदूपत्ता व्यवस्था पर संकट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक संघ के आह्वान पर प्रदेश के 902 लघु वनोपज प्रबंधक 22 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का ऐलान कर चुके हैं। इसका असर प्रदेश के 14 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार एवं 65 लाख से अधिक संग्राहकों की आजीविका पर पड़ सकता है। वर्षों से लंबित मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं होने से प्रबंधकों में भारी आक्रोश है और अब उन्होंने निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाया है।

प्रदेश अध्यक्ष सन्नी साहू ने बताया कि प्रबंधक पिछले 38 वर्षों से सुदूर वनांचल क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण, समिति संचालन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, वेतनमान, पेंशन, मेडिकल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जो सीधा अन्याय है। संघ की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन मैट्रिक्स लेवल 07, 08 एवं 09 लागू करना, सेवा सुरक्षा, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति एवं लंबित भुगतान का निराकरण शामिल है। प्रबंधकों का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। संघ के अनुसार हड़ताल के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण, 67 प्रकार के लघु वनोपज की खरीदी, बोनस, बीमा एवं अन्य योजनाएं प्रभावित होंगी, जिससे प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों की आजीविका पर असर पड़ सकता है।

**खरीदी शुरू, ज्यादा नुकसान की आशंकाः** दंतेवाड़ा जिले में भी प्रबंधकों द्वारा 23 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेते हुए संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंप दिया गया है। जिले में 18 अप्रैल से तेंदूपत्ता खरीदी प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में हड़ताल का सीधा असर यहां के लगभग 80 हजार ग्रामीण परिवारों पर पड़ना तय माना जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण, भुगतान एवं प्रबंधन कार्य प्रभावित होने से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों पर व्यापक असर पड़ सकता है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### गंगा सप्तमी के अवसर पर स्वच्छता अभियान

**दंतेवाड़ा 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित शंखनी-डंकनी नदी के संगम तट पर विशेष स्वच्छता कार्य म चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नदियों की पवित्रता बनाए रखना एवं जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्य म के अंतर्गत गायत्री परिवार के सदस्यों ने संगम तट पर फैली गंदगी, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का सराहनीय प्रयास किया। इस दौरान उपस्थित परिजनों ने हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा का संदेश देते हुए आमजन से भी नदियों और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि गंगा सप्तमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि प्रकृति और जल स्रोतों के संरक्षण का भी संदेश देता है। इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण देने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं।कार्य म में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक श्री प्रमोद अटामी,पूर्व मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री डी.आर. बघेल, श्री साईराम अवामी, श्री डी.सी.नाग, सहदेव मंडावी, अनिल कश्यप, सुबोराम अलामी, पतिराम, सुश्री रीमा नाग आदि गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित रहे।

## बस्तर के बोड़नपाल और कोलचुर में मिलीं दुर्लभ ताड़पत्र पांडुलिपियां



**जगदलपुर, 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में संचालित 'ज्ञानभारतम' पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत बस्तर जिले के ग्रामीण अंचलों से महत्वपूर्ण सफलता मिली है। ग्राम पंचायत बेसोली के अंतर्गत ग्राम बोड़नपाल और ग्राम पंचायत कोलचुर में अत्यंत प्राचीन ताड़पत्र पांडुलिपियों की खोज की गई है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रमाण हैं। बताया गया है कि ये पांडुलिपियां अब तक गुमनामी में थीं, लेकिन सर्वेक्षण अभियान के दौरान इन्हें खोजकर सुरक्षित किया गया है। इन दुर्लभ ताड़पत्रों में प्राचीन चिकित्सा विज्ञान, ज्योतिष और साहित्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी होने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही, इनमें बस्तर की पारंपरिक लोक ज्ञान और संस्कृति से जुड़े कई रहस्य भी समाहित हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह खोज न केवल शोधार्थियों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण स्त्रोत साबित होगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित और पुनर्जीवित करने में भी सहायक बनेगी।शासन द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हु ए उन्हें आधुनिक रूप में संकलित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने समृद्ध अतीत और पूर्वजों के ज्ञान से परिचित हो सकें।

## आरक्षण के मुद्दे पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, मशाल रैली में उमड़ी भीड़

# दंतेवाड़ा में गूंजा महिला आरक्षण लागू करो के नारे, निकाली मशाल रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 24 अप्रैल।** महिला आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर आज जिला मुख्यालय में महिला कांग्रेस द्वारा मशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का नेतृत्व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने किया। मशाल रैली में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली की शुरुआत बस स्टैंड से की गई जो जय स्तंभ चौक पर जाकर खत्म हुई।

मशाल रैली में महिला आरक्षण को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ÷महिला आरक्षण लागू करो÷, ÷महिलाओं को उनका अधिकार दो÷ जैसे नारे लगाकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मशाल रैली में पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को बराबरी का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक समाज में संतुलन स्थापित नहीं हो सकता। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को जल्द से जल्द लागू किया जाए, ताकि महिलाओं को उनका उचित हक मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि महिला कांग्रेस का यह आंदोलन पूरी तरह जनहित से जुड़ा हुआ है और इसे व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।

तुलिका कर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि देश में महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए महिला आरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को लंबे समय से केवल आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन हकीकत में उन्हें उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, लेकिन जब बात ठोस निर्णय लेने की आती है तो पीछे हट जाती है।

तुलिका कर्मा ने आगे कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, इसके बावजूद उन्हें राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण केवल एक कानून नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता से जुड़ा मुद्दा है। यदि महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदारी दी जाएगी, तभी समाज का समग्र विकास संभव हो सकेगा। वहीं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में समान भागीदारी देने के लिए महिला आरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं है। उन्होंने इस आंदोलन को जनहित में बताते हुए इसे और व्यापक बनाने की बात कही।

शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण केवल एक मांग नहीं बल्कि महिलाओं का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं, ऐसे में राजनीति में भी उन्हें बराबरी का अवसर मिलना चाहिए।

# कोलियारी-खरेगा सड़क बारिश से पहले पूरी होगी, देवपुर में विकास कार्य तेज: कलेक्टर

**धमतरी, 24 अप्रैल ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जिले के विकास खंड धमतरी ग्राम पंचायत देवपुर मे पंच-सरपंच, महिला समूह, एवं ग्रामीणों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने महिला समूह दीदियों से आजीविका संबंधी बातचीत की। दूध उत्पादन, कलेक्शन, के बारे में पूछा। इन्होंने हथकरघा के साथ ही अन्य जीविकोपार्जन की बात की।,

कलेक्टर ने कहा कि 100 लीटर दूध कलेक्शन होने पर देवभोग दूध कलेक्शन सेंटर और महिलाएं हाथकरघा करती है तो हथकरघा सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही । उन्होंने देवपुर में पर्यटन की संभावना को देखते हुए दो कमरे का रेस्ट हाउस बनाने की घोषणा की । कलेक्टर की ओर से सदस्य जिला पंचायत श्रीमती मोनिका देवांगन ने सार्वजनिक कला मंच और अटल व्यवसायिक परिसर बनाने की घोषणा की।उन्होंने पिछले वर्ष जब सुसाधन दिवस यहां आने की बात साझा करते हुए कहा कि उन्हें धमतरी से देवपुर आने में करीब एक घंटे का समय लगा। सड़क, गड्ढे से हालत खराब थी । लेकिन अब कोलियारी-खरेगा सड़क बारिश से पहले पूरी हो जाएगी। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इसमें आप सभी का सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि कुलियारी में स्किल सेंटर बना है। जहाँ युवाओं को विभिन्न प्रकार के स्किल का प्रशिक्षण दिया जाता है। सेंटर में ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, नर्सिंग आदि का प्रशिक्षण की व्यवस्था है । आपके गांव के बच्चे प्रशिक्षण ले सकते है।उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि रबी फसल के दौरान धान के बदले कम पानी की फसल लगाएं। उन्होंने इस देवपुर मेला परिसर को कार्य योजना बनाकर व्यवस्थित करें । कलेक्टर द्वारा सामुदायिक बाड़ी एवं वृक्षारोपण कार्य ग्राम पंचायत सारंगपुरी का भी निरीक्षण किया।



### धमतरी में सोशल मीडिया क्रिएटर्स को मिला मार्गदर्शन मनोज डे ने साझा किए सफलता के सूत्र

**धमतरी, 24 अप्रैल।** जिले में आयोजित युवा फेस्ट के दौरान देश के प्रसिद्ध यूट्यूबर मनोज डे का आगमन स्थानीय डिजिटल क्रिएटरों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ। गुरुवार शाम लोहरसी रेस्ट हाउस में जिले के यूट्यूबर, ब्लॉगर एवं सोशल मीडिया क्रिएटरों ने उनसे सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान वातावरण उत्साह, जिज्ञासा और सीखने की ललक से परिपूर्ण रहा। प्रसिद्ध यूट्यूबर मनोज डे का आज पी.जी. कॉलेज में प्रसिद्ध यूट्यूबर संबंधी जानकारी युवाओं को देंगे (मुलाकात के दौरान मनोज डे ने उपस्थित युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में सोशल मीडिया न केवल अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि आय अर्जन का एक सशक्त साधन भी बन चुका है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कंटेंट निर्माण, वीडियो में निरंतरता, दर्शकों की रुचि को समझने तथा प्लेटफॉर्म के एल्गोरिद्म के अनुरूप कार्य करने के महत्व पर विशेष जोर दिया।



## मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा कर रहा ठंडे जल एवं फल का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,24 अप्रैल।** सेवा कार्य में अग्रणी रहने वाली मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा खरसिया द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे जल और फल का वितरण निरंतर एक माह से किया जा रहा है। जिसमे तरबूज, ककड़ी, खरबूजा, मट्ठा, आम पानी का वितरण कर इस तपती भीषण गर्मी से राहगीरों को राहत दी जा रही है। इसी क्रम में दिनांक- 23.04.26 को गन्ना रस का वितरण जागृति शाखा की सक्रिय सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमे अर्चना गर्ग, प्रीति गिरधर अग्रवाल, भावना अग्रवाल, रेखा गर्ग, उमा गोयल, पिंकी अग्रवाल प्रेमलता सुल्तानिया, विभा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सिवनीकला सोसायटी प्रबंधक को बर्खास्त करने किसानों ने उठाई आवाज

**अंबरी,24 अप्रैल।** सिवनीकला सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान की बिजली करंट से मौत के मामले में गोबरा के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम गोबरा के किसान खुबलाल साहू, किशोर सेन, भागवत राम, पुनाराम साहू, रूपेन्द्र, गैंदराम, दुर्गेश, खिलेन्द्र आदि ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन सौंपा है। किसानों ने आवेदन में कहा है कि वे ग्राम पंचायत गोबरा के निवासी हैं। घटना 19 नवम्बर 2025 को हैं। सिवनीकला सोसाइटी में किसान भोजराज साहू धान बेचने गया था जहां 11 केवी करंट के तार बहुत ही नीचे लटक रहा था जिसमें व्यवस्थापक की लापरवाही के कारण भोजराज की 11 केव्ही विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। जिसकी जांच 20 मार्च 2026 को सभी किसानों के समक्ष कर पंचनामा किया गया। जांच में सोसाइटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने पीड़ित को तात्कालिक सहायता नहीं कराई और मानवता को शर्मसार करते हुए आज तक पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गलती स्वीकार करते हुए संवेदना व्यक्त करना जरूरी नहीं समझा। किसानों ने शिकायत आवेदन में कहा है कि जांच पंचनामा के एक माह बाद भी सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। आगे कहा कि लापरवाह प्रबंधक को पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए किसानों ने कहा कि शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिनकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभाओं में जनगणना को लेकर जागरूकता पर जोर

**धमतरी, 24 अप्रैल ।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में कल 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा । इन ग्राम सभाओं में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ जनगणना 2027 के बारे में बताया जाएगा ।आयोजित ग्राम सभाओं में जनगणना के महत्व, प्रक्रिया एवं नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी । उपस्थित ग्रामीणों को जनगणना के प्रति जागरूक किया जाएगा । देश की योजना निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण तथा विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करने का एक महत्वपूर्ण आधार है। अतः प्रत्येक नागरिक का इसमें सही एवं पूर्ण जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है।

### जिले में जनगणना कार्य के लिए नियोजित समस्त अधिकारी-कर्मचारी के अवकाश पर प्रतिबंध

**महासमुंद 24 अप्रैल ।** भारत सरकार गृह मंत्रालय, जनगणना कार्य निदेशालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध आदेश जारी किया हैं।जारी आदेश के अनुसार जनगणना कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। साथ ही बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। विशेष परिस्थितियों में अवकाश हेतु आवेदन जिला जनगणना शाखा के माध्यम से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसके बाद ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

# धमतरी में युवा फेस्ट का आयोजन 25 अप्रैल को

**धमतरी, 24 अप्रैल ।** जिले में 24 एवं 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले युवा फेस्ट कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने बीसीएस पीजी कॉलेज पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए है। कार्यक्रम से संबंधित तैयारी एवं व्यवस्थाएं इनके माध्यम से हो तो इन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने, नई चीजें सीखने और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। कलेक्टर ने वर्कशॉप, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं और मुख्य वक्ताओं के सत्रों से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी गतिविधियां सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हों और समय-निर्धारण का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था और पर्याप्त मात्रा में पानी, भेजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया कि इस युवा फेस्ट में जिले के अलावा अन्य जिलों से भी महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। ऐसे में प्रतिभागियों के लिए बेहतर और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रतिभागियों के ठहरने, परिवहन, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष रूप से निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि इन व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आवास व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि सभी स्थानों पर स्वच्छता बनी रहनी चाहिए और प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने मंच संचालन, साज-सज्जा, साउंड एवं लाइट व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, इनोवेशन गतिविधियां, ई-मेल समन्वय और प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने आयोजन के दौरान तकनीकी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने और सभी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए। अग्निशमन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था पर भी कलेक्टर ने गंभीरता से ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया जाए और यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि युवा फेस्ट का सफल आयोजन जिले की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने और हर व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी इसे गंभीरता से लें और इसे सफल बनाने में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएं, ताकि युवा फेस्ट जिले के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक आयोजन बन सके।

### एसडीएम मारकोले ने किया शासकीय उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण

**महासमुंद 24 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा श्रीमती नमिता मारकोले एवं खाद्य निरीक्षक बागबाहरा द्वारा क्षेत्र की शासकीय उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में खाद्यान्न वितरण की स्थिति, स्टॉक पंजी, वितरण रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई।अधिकारियों ने विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे अप्रैल से जून 2026 तक के 3 माह का खाद्यान्न वितरण कार्य निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण करें, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही सभी आवश्यक पंजी अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रूप से संधारित रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

**महासमुन्द 24 अप्रैल ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञानभारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में 22 अप्रैल को मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य में सर्वाधिक पांडुलिपि सर्वेक्षण महासमुन्द जिले में किया गया है। इस पर उन्होंने कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह से विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि व्यक्तिगत रूप से संरक्षित पांडुलिपियों का सर्वे और अधिक बढ़ाया जाए।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक जिले के छह प्रमुख स्थलों का सफलतापूर्वक सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही पूर्व में सर्वेक्षित कुल 832 पांडुलिपियों को ÷ज्ञानभारतम÷ ऐप पर अपलोड किया जा रहा है, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।कलेक्टर ने बताया कि अभियान के सुचारू संचालन हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन किया जा चुका है। साथ ही सुपरवाइजर्स एवं सर्वेक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है, जिससे सर्वेक्षण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने बताया कि अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं वालंटियर्स को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों। जिले में इस कार्य हेतु 50 सर्वेक्षकों की नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, नोडल अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक श्री रेखराज शर्मा, डॉ. करुणा दुबे प्राचार्य, महाविद्यालय महासमुंद, श्री प्रमोद कन्नौजे एडीपीओ एवं श्री सुबोध कुमार तिवारी एपीसी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी के घर, संस्था या पुस्तकालय में पांडुलिपियां उपलब्ध हों, तो उनकी जानकारी ÷ज्ञानभारतम÷ ऐप के माध्यम से अवश्य साझा करें।

## बस्तर मुन्ने के तहत ग्राम स्तर पर आयोजित की जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

**कांकेर 24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'बस्तर मुन्ने' (अग्रणी बस्तर) अभियान का चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आगामी 01 मई से जिले की सभी ग्राम में विशेष 'संतृप्तता शिविरों' का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन एवं समाज के वंचित वर्गों तक उनका समयबद्ध लाभ के लिए बस्तर संभाग के सभी 07 जिलों में 'बस्तर मुन्ने' (गोंडी में 'अग्रणी बस्तर') अभियान के अंतर्गत संतृप्तता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मूल उद्देश्य एनसीएईआर सर्वेक्षण में नियद नेल्लानार अंतर्गत 31 जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित परिवारों को शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्तमान अप्रैल माह में ग्राम पंचायत, क्लस्टर एवं विकासखण्ड स्तरीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके पहले चरण में हाट बाजारों एवं ग्राम पंचायतों में मुनादी, दीवार लेखन एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत को योजनाओं की सूची, पात्रता मापदंड एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी साझा की जाएगी। प्रत्येक विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा कि मैदानी अमलां तक हितग्राहियों की सूची एवं योजना की जानकारी उपलब्ध हो सके। अभियान के दूसरे चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर संतृप्तता शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसके तहत एनसीएईआर सर्वेक्षण, जिला सर्वेक्षण के आधार पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जाएगा। साथ ही सर्वे में छूटे परिवारों का पंजीयन किया जाएगा। यह भी बताया गया कि पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल से एक सप्ताह तक ग्राम सभाओं का आयोजन एवं तीन प्रमुख सामुदायिक कार्यों का संकलन एवं ग्राम सभा में अनुमोदन किया जाएगा। इसके तीसरे चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों का क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन कर समीक्षा एवं निराकरण किया जाएगा, जबकि चौथे चरण में क्लस्टर स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों का जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर निराकरण किया जाएगा। इसी तरह अभियान के पांचवें चरण में अंतिम समीक्षा, प्रभाव आंकलन, डेटाबेस, वेब पोर्टल एवं शिविर प्रबंधन संबंधी कार्य किया जाकर शत-प्रतिशत संतृप्ति का लक्ष्य जिला स्तर पर निर्धारण किया जायेगा।

कलेक्टर ने बताया कि व्यक्तिमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जाएगा, जिसमें बी-1 खसरा, आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, वय वंदना कार्ड आदि का मौके पर ही तैयार कर वितरण किया जाएगा। प्रत्येक शिविर के प्रतिभागी का पंजीयन करने हेतु प्रतिभागी पंजी संधारित की जायेगी, जिसमें आवश्यक जानकारी एंट्री कर रखा जाएगा।

# जिले के विद्यार्थियों ने जेईई में रचा इतिहास 25 छात्रों ने एडवांस के लिए किया क्वालीफाई

**कांकेर 24 अप्रैल ।** जिले के विद्यार्थियों ने जेईई (द्वितीय चरण) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इतिहास रचा है। घोषित परिणामों के अनुसार कुल 25 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस के लिए क्वॉलीफाई किया है, जो जिले की बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा लगभग 24 छात्र एनआईटी, आईआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए पात्र हैं। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और शिक्षा विभाग के 'हमर लक्ष्य' अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग, विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और नियमित टेस्ट सिरीज की सुविधा प्रदान की गई थी।

कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिले की सुदृढ़ होती शिक्षा व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने भी विद्यार्थियों, शिक्षकां और अभिभावकों को उनके अथक परिश्रम, सही दिशा और आत्मविश्वास से मिली सफलता के लिए बधाई दी है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जेईई के दूसरे चरण की परीक्षा में जिले के कुल 25 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया है। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरागांव और प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के 5-5 तथा पीएमश्री विद्यालयों के 03 विद्यार्थी शामिल हैं।

सफल विद्यार्थियों में प्रयास विद्यालय कांकेर के सौरभ कुमार मंडावी (82.34 प्रतिशत) ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हायर सेकण्डरी स्कूल आंवरी के लोचन पटेल ने (81.06 प्रतिशत) द्वितीय एवं मल्लिका मरकाम (78.19 प्रतिशत) के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा प्रयास विद्यालय की वेदिका (77.77) एवं तनूजा नेताम (77.66), उमावि भीरागांव की चंचल (76.84), पीएमश्री दुर्गूकोंदल के भूपेश कुमार (76.45), उमावि भीरागांव के हर्षल कुमार (75.98), भूपेन्द्र माहवे (73.03), पीएमश्री दुर्गूकोंदल के करण (72.62), हायर सेकण्डरी स्कूल लोहत्तर के भावेश कुमार (71.99), हायर सेकण्डरी स्कूल अमोड़ा की पायल वट्टी (69.71), पीएमश्री अंतागढ़ की बीना उसेण्डी (64.41 प्रतिशत)। इसी प्रकार हायर सेकण्डरी स्कूल भीरागांव की सुषमा कोमरा (62.89), हायर सेकण्डरी स्कूल बोंदानार के अरूण कुमार (62.69), हायर सेकण्डरी स्कूल हाटकोंदल के धर्मेन्द्र कुमार (61.71), हायर सेकण्डरी स्कूल आमाकड़ा के गितेश कुमार (60.24), हायर सेकण्डरी स्कूल बोंदानार की सिमरन मरकाम (58.62), बालक हायर सेकण्डरी स्कूल अंतागढ़ की पार्वती वट्टी (56.96), हायर सेकण्डरी स्कूल बोंदानार कोण्डे के रोशन (56.75), हायर सेकण्डरी स्कूल भीरागांव की प्रतिभा नायक (55.71), हायर सेकण्डरी कन्या स्कूल अभनपुर की प्रेरणा वट्टी (55.52), हायर सेकण्डरी स्कूल लोहत्तर की साक्षी (54.94) तथा हायर सेकण्डरी स्कूल कोण्डे की विद्यार्थी राखी ने (52.94 प्रतिशत) अंक हासिल कर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है।यह सफलता जिले में विकसित हो रहे सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। कांकेर जिला शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रहा है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख का दावा स्वीकृत, नॉमिनी को भुगतान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव,24 अप्रैल।** जिले के विकासखंड केशकाल अंतर्गत ग्राम करमरी बिंझे निवासी स्वर्गीय रजाय बाई दुग्गा द्वारा डाकघर के माध्यम से इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा कराया गया था। कुछ दिन पूर्व उनके आकस्मिक निधन के पश्चात नामित व्यक्ति उनके पुत्र बलिदान राम दुग्गा को ?2 लाख की बीमा राशि आईपीपीबी शाखा प्रबंधक श्री प्रीतम कुमार गुप्ता एवं एसएल गोटी उपडाकपाल के द्वारा उनके बैंक खाते में अंतरित कर भुगतान किया गया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की यह किफायती जीवन बीमा योजना 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के बैंक खाताधारकों के लिए संचालित है, जिसमें मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह बीमा कवर प्रत्येक वर्ष 1 जून से 31 मई तक मान्य रहता है तथा 55 वर्ष की आयु तक इसका नवीनीकरण कराया जा सकता है। योजना की विशेषता यह है कि इसमें नामांकन के लिए किसी प्रकार की मेडिकल जांच आवश्यक नहीं होती तथा प्रीमियम राशि सीधे बैंक खाते से ऑटो-डेबिट के माध्यम से जमा हो जाती है। किसी भी कारण से मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति को ?2 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

## छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल:उप निरीक्षक भर्ती के लिए परीक्षा केंद्र में प्रवेश 9:30 बजे तक

**जगदलपुर, 24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारियां जिले में अंतिम चरण पर हैं। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जगदलपुर में कुल 46 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 12,136 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। हालांकि यह परीक्षा प्रदेश के चुनिंदा 16 जिलों में आयोजित की जा रही है, लेकिन इसमें सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं।

परीक्षा की समय-सारणी के अनुसार यह लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित होगी। सुरक्षा और सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा, ताकि उनकी सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) और फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से मिलान किया जा सके। समय की पाबंदी को लेकर निर्देश अत्यंत सख्त है।परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार ठीक सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा और इसके बाद पहुंचने वाले किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए परीक्षा से एक दिन पहले अपने आबंटित केंद्र का अवलोकन अवश्य कर लें। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए विशेष ड्रेस कोड भी लागू किया गया है, जिसके तहत परीक्षार्थियों को केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर में चप्पल पहनकर आने की हिदायत दी गई है। काले, गहरे नीले, जामुनी, मैरून या गहरे चॉकलेटी जैसे रंगों के कपड़े पहनकर आने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही परीक्षा कक्ष के भीतर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, पर्स, बेल्ट, टोपी और यहां तक कि कान के आभूषण ले जाना भी पूर्णतः वर्जित है। जो अभ्यर्थी किसी धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक में आएंगे, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत ही अनुमति दी जाएगी, जिसके लिए उन्हें सामान्य समय से पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। अनुचित साधनों का उपयोग करने पर अभ्यर्थी की पात्रता तत्काल समाप्त कर कठोर कार्रवाई की जाएगी, अतः परीक्षार्थी केवल अपने साथ नीले या काले बॉल पॉइंट पेन ही लेकर आएं।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर 24 अप्रैल।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। चारामा तहसील के ग्राम उड़कुड़ा के 07 वर्षीय नुमेश जुर्री की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता तिलेश जुर्री और श्रीमती प्रतिमा जुर्री के लिए चार लाख रूपए तथा उड़कुड़ा निवासी 07 वर्षीय आयुष जुर्री की तालाब में डूबने से मृत्यु होने से उनके माता-पितायोगेश्वर जुर्री और श्रीमती आशिबा जुर्री के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# शिक्षक आत्महत्या मामले में सियासत तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 अप्रैल।** शिक्षक राजू पुजारी आत्महत्या को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई। विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कई गंभीर आरोप लगाये। वहीं इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि स्व. राजू पुजारी को ठेकेदारों, इंजीनियर और संबंधित कर्मचारियों द्वारा मानसिक प्रताड़ना एवं अधूरे कार्य का जबरन भुगतान किए जाने हेतु दबाव डाले जाने के कारण तंग आकर आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा है। यह घटना पूरे शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त लोगों के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। प्रधान पाठक स्व. राजू पुजारी अपने कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के लिए पूरे क्षेत्र में सम्मानित थे। विधायक ने आरोप लगाया कि यह सामान्य आत्महत्या नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए ईमानदार शिक्षक की ठेकेदारों और अधिकारियों द्वारा की गई हत्या है।



विधायक विक्रम मंडावी ने बताया कि प्राथमिक शाला पालनार का निर्माण कार्य लगभग 20 लाख 30 हजार रुपये की लागत से किया जा रहा था। निर्माण राशि के भुगतान को लेकर स्व. राजू पुजारी काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित थे। परिवार वालों का आरोप है कि निर्माणाधीन स्कूल भवन ठेकेदारों और इंजीनियर द्वारा गुणवत्ताहीन एवं निर्धारित मापदंडों के विपरीत किया जा रहा था, जिसकी शिकायत स्व. राजू पुजारी द्वारा अधिकारियों को बार-बार किया गया। जिसके बावजूद भी किसी अधिकारी ने शिक्षक के शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया और स्कूल भवन निर्माण की राशि जबरन ठेकेदार को देने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था, जिससे प्रताड़ित होकर उन्होंने ऐसा आत्मघाती कदम उठाया है। उन्होंने आगे कहा कि सुसाइड नोट मृतक के जेब से बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में ठेकेदार देवाशीष मंडल, इंजीनियर शैलेश वासम और कर्मचारी छवितेश डोंगरे के नाम लिखित में हैं, जबकि चेक वितरित पंजी में मुख्य ठेकेदार जागर लक्ष्मैया का नाम दर्ज है। जागर लक्ष्मैया भाजपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बीजापुर जिला अध्यक्ष हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और भ्रष्टाचार करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को सरकार का पूरा संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण ईमानदार शिक्षक को आत्मवध करना पड़ा है। विधायक ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी, शाला प्रबंधन समिति (स्पष्ट) थी तो ठेकेदार को यह काम कैसे सौंपा गया? ठेकेदार को किसके इशारे पर ठेका दिया गया? जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मिशन समन्वयक की इसमें क्या भूमिका थी? इस घोटाले में और कितने लोग शामिल हैं? विधायक विक्रम मंडावी ने मांग किया कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए, ताकि सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने शासन-प्रशासन चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष न्यायिक जांच नहीं कराई गई और दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया, तो परिवारजनों और ग्रामीणों के साथ मिलकर न्याय मिलने तक कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, बसंत राव ताटी, राजेश जैन, प्रवीण डोंगरें, ज्योति कुमार, पुरुषोत्तम खत्री, पुरुषोत्तम सल्लूर, दिनेश पुजारी, सतेंद्र पंत, राजीव सिंह, सम्माराम हेमला, इद्रीश खान और जगदीश सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पंचायती राज दिवस पर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने किया आह्वान



**तिल्दा नेवरा 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के पावन अवसर पर, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष जनपद सदस्य नर्सिंग वर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई दी है आज पंचायती राज दिवस पर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि गाँव का विकास ही देश का असली विकास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब हमारी पंचायतें सशक्त होंगी, तभी हमारा लोकतंत्र वास्तव में मजबूत होगा। उनका विजन 'विकसित पंचायत से विकसित भारत' के संकल्प को दोहराना है, जहाँ हर गाँव आत्मनिर्भर और समृद्ध हो। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है, जो 1993 में हुए 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिलने का प्रतीक है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। जनपद सदस्य वर्मा ने सभी ग्रामीणों से मिलकर पंचायतों को सशक्त बनाने की अपील की ताकि हर घर तक खुशहाली पहुँचाई जा सके। बीजेपी नेता ने कहा कि आज पंचायत प्रदेश की बीजेपी सरकार ओर केंद्र की बीजेपी सरकार से बहुत विकास हो रहा है = गावो में सीधा पंचायत के खातों में विकास के लिय धन जा रहा है 2047तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लक्ष्य पर प्रदेश की विशुन देव सहाय के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने कार्य चल रहा है।

### टंकराम ने किया अमित शाह का स्वागत



**तिल्दा नेवरा 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालागढ़ विधानसभा की जनसभा में जनता ने एक स्वर में भाजपा सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया है। आज पश्चिम बंगाल के बालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में मान. केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह की विशाल जनसभा में बलौदाबाजार विधायक राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा सम्मिलित रहे बलौदाबाजार विधायक राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि भाइयों-बहनों का जोश और उत्साह यह स्पष्ट बता रहा है कि इस बार बंगाल में भाजपा की सरकार बनने वाली है।

### तिल्दा-नेवरा में 100 पौवा देशी मदिरा मसाला सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आपरेशन निश्चय के तहत् अवैध शराब परिवहन/विक्रय पर तिल्दा पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी 100 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब कीमती करीब 10,000/रूपये मोपेड क्रमांक सीजी 04 क्यू.एल. 2144 कीमती करीब 1,20,000/रूपये सहित आरोपी देवेन्द्र साहू पिता स्व0 हेमलाल साहू वार्ड क्र0 07 नेवरा, करण कोसले पिता नंदकुमार कोसले उम्र वार्ड क्र0 04 तिल्दा, थाना तिल्दा नेवरा को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत् गिरफ्तार कर जेल भेजा गया उपरोक्त कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन ' 'निश्चय'' कार्यक्रम के तहत् प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा रमाकान्त तिवारी के नेतृत्व में प्र0आर0 राजेश सिकरवार व तिल्दा नेवरा पुलिस टीम के द्वारा सफल कार्यवाही किया गया।

### कलेक्टर ने अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का किया निरीक्षण

**बलौदाबाजार,24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** योजनाओं का क्रियान्वयन एवं आम आदमी तक बुनियादी सुविधाओं क़ी पहुंच जानने कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत विभिन्न ग्रामो का दौरा किया। इस दौरान ग्राम पंचायत पनगांव एवं लाहौद में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऑपरेटर को ई -केवायसी साहित सभी सुविधाओं का लाभ लोगों को देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लाहौद में नवनिर्मित भवन में संचालित अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण के दौरान ऑपरेटर से सुविधाओं क़ी जानकारी ली। उन्होंने प्रतिदिन बैंक ट्रांजेक्शन एवं अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में पूछ ताछ क़ी। ऑपरेटर ने बताया कि केन्द्र में लगभग 24 तरह क़ी सुविधाएं उपलब्ध है। वर्तमान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों ई- केवायसी के लिये आ रहे हैं। कलेक्टर ने केन्द्र में कार्य के दौरान बिजली बाधा दूर करने के लिए इन्वर्टर क़ी व्यवस्था हेतु सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने भवन के पास सोखता गड्ढा निर्माण में श्रमदान किया और लोगों को सोखता गड्ढा का महत्व बताया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री शर्मा ने ग्राम पंचायत पनगांव के अटल डिजिटल केंद्र का अवलोकन किया।

# मांग के बाद भी वर्षों से सड़क निर्माण अधूरा, शांति नगर के रहवासी परेशान

■ नगरपालिका की नाक के नीचे ही सिमट गया विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 24 अप्रैल।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 नगर पालिका कार्यालय के पीछे शांति नगर में सड़क निर्माण की मांग वर्षों से अधूरी पड़ी हुई है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।उल्लेखनीय है कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। कच्ची और जर्जर सड़क के कारण कीचड़ भर जाता है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी होती है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों ने बताया कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव के बाद समस्या जस की तस बनी रहती है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।इस संबंध में पार्षद मुन्ना ताती ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण के लिए अनेक बार आवेदन और प्रस्ताव दिया गया है। किंतु अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है। नगरपालिका प्रशासन से इस संबंध में कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस समस्या का समाधान करता है।



# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 24 अप्रैल।** नगरी थाना क्षेत्र में महिला संबंधी एक गंभीर अपराध का मामला सामने आया है, जहां एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने की घटना उजागर हुई है। मामले में नगरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की लिखित शिकायत पर थाना नगरी में अपराध क्रमांक 29/26 के तहत धारा 64(2)(एम) और 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पूनम प्रजापति, निवासी बिरगुड़ी थाना सिहावा जिला धमतरी, ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता द्वारा विवाह के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने स्वयं को पहले से शादीशुदा बताते हुए विवाह से इंकार कर दिया और उसे फोन न करने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगरी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक धमतरी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महिला संबंधी अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में त्वरित व कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# प्राइवेट स्कूल अब मनमर्जी से नहीं ले सकेंगे फीस, विद्यालय फीस समिति का गठन करने मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को लिखा पत्र

**तिल्दा नेवरा 24 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में प्राइवेट स्कूलों में अब मनमाने तरीके से फीस नहीं ली जा सकेगी। इस सिलसिले में मुख्य सचिव विकासशील ने सभी कलेक्टर को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधायक 2020 का कड़ाई से पालन कराने के लिए कहा है। मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है कि राज्य में 26 अगस्त 2020 से छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय फीस विनियमन विधेयक 2020 लागू है ।इस विधेयक के अध्याय 2 के कंडिका तीन के अनुसार प्रत्येक निजी विद्यालयों में विद्यालय फीस समिति का गठन किया जाना है। विद्यालय फीस समिति प्रतिवर्ष पूर्व वर्ष के शुल्क से अधिकतम 8त्न की सीमा में शुल्क वृद्धि का अनुमोदन कर सकेगी। आठ प्रतिशत से अधिक शुल्क वृद्धि की स्थिति में जिला फीस समिति से अनुमोदन कराना आवश्यक है। मुख्य सचिव के पत्र में लिखा गया है कि प्रत्येक निजी विद्यालय में फीस विनियमन समिति को क्रियाशील बनाया जाए। निजी विद्यालयों से समन्वय एवं नियंत्रण के लिए नोडल प्राचार्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और नोडल प्राचार्य विद्यालय शुल्क विनियमन समिति के सदस्य भी होते हैं। विद्यालय फीस समिति में नोडल प्राचार्य भी सदस्य होते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जिला शुल्क विनियमन समिति के सदस्य सचिव होते हैं। ऐसी स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्यों के माध्यम से निजी स्कूलों में छत्तीसगढ़ शुल्क अधिनियम का पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान व्यवस्था में ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करे सरकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 अप्रैल।** महिला आरक्षण के मुद्दे पर गुरुवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल महिला आरक्षण के विरोधी नहीं हैं, बल्कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। विधायक बघेल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 संसद के दोनों सदनों से पारित होकर राष्ट्रपति की मंजूरी भी प्राप्त कर चुका है और यह कानून बन चुका है। इसके बावजूद केंद्र सरकार इसे तत्काल लागू नहीं कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो परिसीमन का इंतजार किए बिना वर्तमान व्यवस्था में ही 33 प्रतिशत महिला आरक्षण क्यों नहीं दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा महिला आरक्षण लागू करने से ज्यादा सीटों के परिसीमन पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की बात की जा रही है, जबकि 2026-27 में नई जनगणना प्रस्तावित है। ऐसे में नए आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन होना अधिक उचित होगा। विधायक बघेल ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में प्रस्तुत विधेयक में लोकसभा सीटों को 850 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था, जिसमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें निर्धारित करने की बात कही गई। इसके साथ ही पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन का भी प्रावधान रखा गया, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण को लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा विशेष सत्र बुलाना केवल चुनावी स्टंट है। जनता के असली मुद्दों महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल की कीमतों से ध्यान भटकाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। यदि सरकार वास्तव में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है तो पारित कानून को तुरंत लागू करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल महिला आरक्षण के समर्थन में पूरी तरह तैयार हैं। इस दौरान कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम, महिला शहर अध्यक्ष रेखा खोबरागड़े, प्रदेश महिला सचिव किरण मेश्राम, ललिता साखरे, ममता शिंदे, निशा निर्मलकर, ऋतु निर्मलकर, निधि गजभिये, माया सिंघाड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, जिला महामंत्री विजयराज सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला रायपुर (छ. ग.)

**//विज्ञापन//**

क्रमांक/34/ वा-3/अविअ /खाद्य /2026 — आरंग दिनांक 21/4/26

सर्व साधारण आम जनता को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि विकास खंड आरंग के तहसील आरंग के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा के उचित मूल्य दुकान क्र. 442003017 संचालक एजेंसी परिवर्तन किए जाने के फल स्वरूप लोक सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए, छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की खंड 09 के प्रावधान अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक सहकारी सोसाइटियों/महिला स्वयं सहायता समूह/ग्राम पंचायत/अन्य उपभोक्ता सोसाइटी विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस तक कार्यालयीन समयावधि में अपना आवेदन, समूह/समिति का प्रस्ताव, पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक खाता की छाया प्रति, ग्रेडिंग एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग में जमा कर सकते हैं।

ग्राम पंचायत परसदा हेतु विज्ञापित नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन हेतु नियमावली (शर्तें), आवेदन पत्र का विहित प्रारूप (परिशिष्ट-1), अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग जिला रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत आरंग एवं नगर पालिका परिषद, आरंग एवं नगर पालिका परिषद, मंदिर हसौद, नगर पंचायत चंदखुरी, समोदा की नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

जी-262700346/4



## कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- अप्रैल 2026**

पृ. क्र. 622/रा.वि./मु.न.अ./2026 — भाटापारा, दिनांक-23/04/2026

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कौशिल्यादेवी पति डॉ. श्री सुशीलकुमार शुक्ला वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती कुसुम यदु पिता श्री मुन्नाराम अहिर निवासी रामसागर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | मौजा पटपर प.ह.न. 39 खसरा नं. 450/94 शामिल 491/94, 460/72, 487/94, 495/92, 496/92, 497/94, 498/89499/34 रकबा 0.0160 हे. 1800 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 2. | श्री भगवती प्रसाद ध्रुव पिता स्व. श्री पंचराम ध्रुव निवासी हथनीपारा वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती शिमला ध्रुव पति श्री श्रीचंद ध्रुव पिता हरदेव सिंह निवासी नांदघाट, तहसील नवागढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) | श्यामा प्रसाद मुखजी वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 580/6 रकबा 0.0140 हे. 1510 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 3 | 1. लखनलाल 2. भागवत 3. हितेन्द्र 4. अश्वनी 5. मु. ईश्वरी आयु पिता गणेशराम जायसवाल 6. छन्नूराम 7. तुलसी पिता बसावन जायसवाल निवासी नयागंज वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | टीकाराम पिता बसावन जायसवाल निवासी नयागंज वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | नयागंज वार्ड | नगर भाटापारा प.ह.न. 11 नजूल खसरा नं. 8/68/1 रकबा 0.0090 हे. 1000 वर्गफुट खूला भूखण्ड | हकत्याग विलेख |
| 4. | गौरीशंकर भृगु पिता कन्हैयालाल भृगु निवासी नयागंज वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गीता भृगु पति गौरीशंकर भृगु निवासी नयागंज वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | नयागंज वार्ड | नगर अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 270/38 रकबा 0.0090 हे. 990 वर्गफुट पक्का मकान | दान पत्र |
| 5. | बसंत कुमार खत्री पिता छग्गामल खत्री निवासी भगतसिंह वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | राहुल खत्री पिता बसंत कुमार खत्री निवासी भगतसिंह वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | संजय वार्ड | मौजा भाटापारा प.ह.न. 11 खसरा नं. 5. 6/1, 292/5, 293/21, 293/2 रकबा 42123 वर्गफुट में से 1251 वर्गफुट आवासीय फ्लेट | वसीयतनामा |
| 6. | श्री प्रकाश भाट पिता श्री अश्वनी कुमार भाट निवासी नयागंज वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती चित्ररेखा पति श्री विनोद कुमार निवासी ग्राम खपरी, बदनारा तहसील नांदघाट जिला बेमेतरा (छ.ग.) | संतमाताकर्मा वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 191/3. 192/2 रकबा 116.17 व.मी. 1250 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 7. | श्री परमेश्वर वर्मा पिता श्री कांशीराम वर्मा निवासी नयागंज वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | हेमलता राजपूत पिता रामबहादुर राजपूत निवासी आजाद वार्ड, सरगांव तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) | संतमाताकर्मा वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 191/8 रकबा 0.0116 हे. 1250 वर्गफुट खुल भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 8. | रोचक कुमार देशमुख पिता लेखराम देशमुख निवासी रामगसार वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | लक्ष्मी प्रसाद पिता छेदीलाल यादव निवासी ओखर तहसील पचपेड़ी जिला बिलासपुर (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 91/19 रकबा 0.1025 हे. में से 1250 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 9. | रोचक कुमार देशमुख पिता लेखराम देशमुख निवासी रामगसार वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | अहतेशाना परवीन पति समी अहमद निवासी नयापारा वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 80/10 रकबा 0.0882 हे. में से 1250 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 10. | श्री गणेश तिवारी पिता श्री इन्द्रमवन तिवारी निवासी महासती वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती सावित्री दुलानी पति श्री रोबिन दुलानी निवासी संतकंवरराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 91/12 रकबा 0.0975 हे. में से 1500 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 11. | श्री विजय कुमार जायसवाल पिता स्व. श्री गणेश प्रसाद जायसवाल निवासी गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती कामनी साहू पति श्री राजेश साहू निवासी नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 136/127 रकबा 0.0504 हे. में से 898 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 12. | श्री संतोष पाण्डेय पिता स्व. श्री लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री धांधु निषाद पिता श्री रामाधार निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 210/8 रकबा 0.0381 हे. में से 1000 वर्गफुट आवासीय पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 13. | श्री विशाल भूषाणिया पिता श्री नरेन्द्र भूषाणिया निवासी नेहरू वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री प्रहलाद देवांगन पिता श्री खेदूराम देवांगन निवासी सावंतपुर, पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 208/10 रकबा 0.0371 हे. में से 1035 वर्गफुट आवासीय पक्का मकान | विक्रय विलेख |
| 14. | प्रहलाद वर्मा पिता संतोष वर्मा निवासी के.के. वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | तुलकुमार चौहान पिता पवन चौहान निवासी परशुराम वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | परशुराम वार्ड | मौजा हथनी प.ह.न. 40 खसरा नं. 212/7 रकबा 0.1021 हे. में से 1750 वर्गफुट आवासीय खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |
| 15. | श्रीमती उषा मक्कड़ पति श्री संजय मक्कड़ निवासी गांधी मंदिर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्रीमती सीमा साहू पति श्री संतराम साहू निवासी ग्राम दतरेंगा, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | गुरूनानक वार्ड | मौजा अवरेठी प.ह.न. 10 खसरा नं. 158/4 रकबा 0.0160 हे. 1755 वर्गफुट खुला भूखण्ड | विक्रय विलेख |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

## एक नजर

### एसोसिएट कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार करेगा एमेजान

**रायपुर, 24 अप्रैल।** एमेज़ॉन द्वारा अपने एसोसिएट कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा। प्रोजेक्ट आश्रय में निवेश बढ़ाया जाएगा, मेडिकल और एक्सीडेंट इंश्योरेंस सेवाओं को मजबूत किया जाएगा तथा लाखों एसोसिएट्स और 200, 000 से अधिक कम्युनिटी मेंबर्स को सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुँचाया जाएगा। एमेज़ॉन द्वारा अपने मुख्य और क्विक कॉमर्स नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा ताकि भारत के ग्राहकों तक मिनटों, घंटों और कुछ दिनों में पहुँचने वाली डिलीवरी उन्हें ज्यादा सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय तरीके से मिल सके। यह साल 2030 तक 35 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करने की कंपनी की व्यापक योजना का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत बिज़नेस का विस्तार करने और तीन महत्वपूर्ण स्तंभों - ए.आई आधारित डिजिटाईज़ेशन, एक्सपोर्ट में वृद्धि और नौकरी के सृजन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### मोटोरोला एज 70 प्रो लांच

**रायपुर,24 अप्रैल।** मोटोरोला एज 70 प्रो स्मार्टफोन फोटोग्राफी में एक नया बेंचमार्क सेट करता है। इसमें ट्रिपल 50MP प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व ओआईएस के साथ 50MP सोनी LYTIA™ 710 सेंसर और motoAI करते हैं, जो रात की बेहतरीन फोटोग्राफी सुनिश्चित करते हैं। इसमें 50MP अल्ट्रावाइड + मैक्रो और ऑटो-फोकस वाला 50MP क्वाड पिक्सेल सेल्फी कैमरा है। साथ ही, यह पैंटोनइ वैलिडेटेड कलर्स, स्किनटोनइ सटीकता और सभी कैमरों से किसी भी रोशनी में 4K 60FPS वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है। मीडियाटेक डाइमेंसिटी 8500 एक्सट्रीम द्वारा संचालित, यह फोन ऑन-डिवाइस एआई और बेहतर लो-लाइट इमेजिंग के साथ फ्लैगशिप-ग्रेड परफॉरमेंस देता है। इसमें 12GB तक ॉPDDRzX RAM और 256GB UFS 4.1 स्टोरेज के साथ एक उन्नत वेपर चैंबर कूलिंग सिस्टम है, जो अल्ट्रा-फास्ट मल्टीटास्किंग और स्मूथ गेमिंग अनुभव सुनिश्चित करता है। मोटोरोला एज 70 प्रो में 'कलेक्शंस बाय मोटोरोला' को पेश किया गया है, जिसमें सैटिन-लक्स, टेलर्ड फैब्रिक और मार्बल फिनिश के साथ एक नया प्रीमियम डिज़ाइन दिया गया है। ये पैंटोनइ द्वारा क्यूरेट किए गए रंगों के साथ एक बोल्ड स्टाइल स्टेटमेंट पेश करते हैं।

### सेन जयंती मनाने की तैयारी

**रायपुर,24 अप्रैल।** अभनपुर ब्लॉक सेन समाज के नेतृत्व में रायपुर जिला स्तरीय भव्य सेन जयंती संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाने के लिए कार्यकारिणी पदाधिकारी का बैठक आहूत की गई, जिसमें अभनपुर के वार्ड क्रमांक 5 में बने हुए सेन मंगल भवन के प्रांगण में जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी तैयारी के लिए पदाधिकारी को जिम्मेदारी बांटी गई, कार्यक्रम 5 मई दिन मंगलवार को होगी, जिसमें अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष लीलाराम सेन एवं रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर तथा सचिव शत्रुघ्न सेन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रातः 9:00 बजे महेश सेन द्वारा भेंट किए गए सेन महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, एवं 11:00 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम बालक बालिका द्वारा किया जाएगा, तथा विभिन्न विषय पर चर्चा कर कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अतिथियों का स्वागत वंदन किया जाएगा, 5 मई को सेन जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक इंद्र कुमार साहू होंगे एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्रसेन गहिरवारे एवं बलविंदर सिंह गांधी तथा भारत बेस, नारायण प्रसाद, सुशील कौशिक, छत्तीसगढ़ हेयर गुरु राज श्रीवास होंगे, जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर एवं तहसील अध्यक्ष लीलाराम सेन तथा सचिव शत्रुघ्न सेन ने संयुक्त रूप से यह बताया कि प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम संबंधित प्रतिभाओं को सम्मान किया जाएगा.

### निधन

#### मोहन लाल मिश्रा



**रायपुर, 24 अप्रैल।** पटनहा मिश्रा परिवार के वरिष्ठ मोहन लाल मिश्रा (मर्रा वाले) का आकस्मिक निधन हो गया है। वे कमला मिश्रा के पति, राकेश, रानू, संध्या, संगीता, सुषमा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार आज महादेव घाट रायपुर में किया गया।

## कालचक्र अभियान

# क्षुलिस का ताबड़तोड़



**रायपुर, 24 अप्रैल।** राजधानी में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। सेंट्रल जोन के बाद अब नॉर्थ जोन में भी पुलिस ने देर रात व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी है।

कालचक्र अभियान के तहत चल रही इस मुहिम में कानून से बचते फिर रहे आरोपियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना तेज कर दिया है। रात के समय विशेष गश्त और दबिश देकर संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर कर रहे हैं। उनके निर्देशन में पुलिस टीमें अलग-अलग इलाकों में सक्रिय होकर अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हैं।और उन्होंने क्या कहा सुनिए.

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शहर में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने तथा अपराधियों में भय का माहौल बनाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। रात भर इसी तरह सघन गश्त और चेकिंग की कार्रवाई की जाएगी। राजधानी में बढ़ती पुलिस सक्रियता से साफ है कि अपराधियों के लिए अब छुपना आसान नहीं होगा। राजधानी में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में देर रात तक सघन पुलिस चेकिंग अभियान चलाया गया। - इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के गुंडा-बदमाशों और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए व्यापक कार्रवाई की।

राजधानी रायपुर के पश्चिम जोन में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर बड़ा संदेश दिया है.पुलिस उपायुक्त पश्चिम क्षेत्र के संदीप पटेल और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा के निर्देशन में पुरानी बस्ती डी डी नगर आमानाका आजाद चौक सरस्वती नगर कबीर नगर न्यू राजेंद्र नगर।

# विधानसभा के विशेष सत्र पर महंत ने उठाए सवाल



**रायपुर, 24 अप्रैल।** विधानसभा के प्रस्तावित विशेष सत्र को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पत्र प्राप्त हुआ है, इसलिए उन्हें सत्र में शामिल होना पड़ेगा और वे सदन की कार्यवाही में भाग लेंगे।

डॉ महंत ने एक बयान में कहा कि पत्र में शासकीय कार्य होने की बात कही गई है, ऐसे में वे उन कार्यों में भी सहभागिता करेंगे। उन्होंने सीएम विष्णु देव साय के उस बयान पर सवाल उठाया, जिसमें निंदा प्रस्ताव लाने की बात कही गई थी।

उन्होंने कहा कि सीएम ने पहले ही निंदा प्रस्ताव लाने की घोषणा कैसे कर दी, यह समझ से परे है। उनके सलाहकार कौन हैं? यह सवाल भी महंत ने उठाया। साथ ही उन्होंने पूछा कि निंदा प्रस्ताव आखिर किसके खिलाफलाया जाएगा।

महंत ने आगे कहा कि क्या लोकसभा की कार्यवाही के खिलाफ विधानसभा में निंदा प्रस्ताव लाना संवैधानिक है? क्या एक सदन में हुई चर्चा पर दूसरे सदन में बहस की जा सकती है? यह उनकी समझ से बाहर है। उन्होंने कहा कि अब जो भी स्थिति बनेगी, वे सत्र में शामिल होकर चर्चा में भाग लेंगे और अपनी बात मजबूती से रखेंगे।

### आयकर विभाग और व्यापारियों के बीच बढ़ेगा विश्वास

**रायपुर, 24 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल, केंद्रीय राजस्व भवन, सिविल लाइंस स्थित मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय में आयोजित RDTAC की बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुआ। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राधा किशन सुन्दरानी ने लोकसभा सांसद माननीया रूप कुमारी चौधरी के उपस्थिति में के. देवरत्न कुमार मुख्य आयकर आयुक्त एवं ऋतुपर्ण नामदेव अतिरिक्त आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के व्यापारिक संगठनों की ओर से आयकर प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राधा किशन सुन्दरानी ने बैठक में इस बात पर जोर दिया कि विभाग और करदाताओं के बीच प्रवर्तन से अधिक सुविधा की नीति अपनाई जानी चाहिए। व्यापारिक संगठनों के बीच नियमित संवाद के लिए एक तंत्र विकसित किया जाए और RDTAC की बैठकों को त्रैमासिक आधार पर आयोजित किया जाए। नोटिस की जटिलता को कम करने और छोटे व मध्यम करदाताओं के लिए 'सिम्प्लीफाइड कम्प्लायंस फ्रेमवर्क' लागू करने की मांग की गई।

# 6 मंजिली इमारत में आग



**रायपुर, 24 अप्रैल।** राजधानी के दलदल सिवनी इलाके में आज दोपहर एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की लपटें तेजी से फैलती देख आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार घटना करीब डेढ़ बजे की है। दलदल सिवनी स्थित क्रॉस विंड अपार्टमेंट की छह मंजिला इमारत के तीसरे फ्लैट में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और धुआं पूरे परिसर में फैलने लगा। समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखी गई। हालांकि, आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी थी। फिलहाल इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# त्रिपुर सुंदरी के पाटोत्सव समारोह में उमड़े श्रद्धालु

**रायपुर, 24 अप्रैल।** पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का 21 वां पाटोत्सव समारोह राजधानी के बोरिया कला स्थित शंकराचार्य आश्रम में यतिप्रवर 1008 दण्डी सन्यासी डॉ. इंदुभवानंद महाराज के मुख्य उपस्थिति में सानंद संपन्न हुआ।

भक्तों ने बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर चावल, रोली, कुमकुम, मिष्ठान्न, ऋतुफल आम, सेब, चीकू, केला, आदि विभिन्न द्रव्यों से राजराजेश्वरी का अर्चन किया.

यतिप्रवर 1008 दण्डी सन्यासी डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने कहा पिछले चार दिनों से भगवती राजराजेश्वरी की शोभायात्रा का आज पाटोत्सव समारोह के साथ संपन्न हुआ.

यतिप्रवर 1008 दण्डी सन्यासी डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने कहा कि आज से 20 वर्ष पूर्व वैशाख शुक्ल सप्तमी पुष्य नक्षत्र योग में 2006 को ब्रह्मलीन जगदगुरु ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद ने अपने करकमलों से स्फटिक मणिमय भगवती राजराजेश्वरी का विग्रह स्थापित किया था तथा उनका नाम संस्कार करते हुए प्रेमाम्बा नाम दिया था.उन्होंने कहा साधक जिस प्रकार की मूर्ति में दर्शन पूजन करता है. वैसे ही सूत्र विकसित होते हैं . इसी भावना को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित छत्तीसगढ़ का चतुर्दिक अभ्युदय और वृद्धि हो, भौतिक विकास की वृद्धि हो इस उद्देश्य से स्फटिक मणिमय श्रीविग्रह की स्थापना की गई थी.

यतिप्रवर 1008 दण्डी सन्यासी डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने कहा जगदगुरु शंकराचार्य महाराज का यह अनुपम उपहार है, जिससे छत्तीसगढ़ वासियों का भौतिक एवं अध्यातमिक



विकास भी हो. उन्होंने कहा सनातनी मंदिर परंपरा के अनुसार मंदिरों में दो तरह तरह की विग्रह स्थापित होती है चल एवं अचल मूर्ति। अचल मूर्ति का दर्शन मंदिर में जाने से होता है. किंतु चल मूर्ति वर्ष में एक दिन प्राण प्रतिष्ठा के दिन भ्रमण करते हुए अपने भक्तों को आशीर्वाद देती है इसे उत्सव मूर्ति भी कहा जाता है. जो प्राण प्रतिष्ठा के दिन बाहर आकर अपने भक्तों को दर्शन देती है.

इस वर्ष पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी का रथ तात्या पारा वाले भूपेन्द्र शर्मा के निवासस्थान में विश्राम रहा, दूसरा विश्राम संतोषीनगर अलका मिश्रा, तीसरा विश्राम अनिल मयंका पाण्डेय बोरियकला में रहा, तदोपरांत भगवती राजराजेश्वरी आज अपने मूल स्थान शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला में विराजमान हो गई. समारोह में आचार्य धर्मेंद्र महाराज, महेन्द्र महाराज, दीपक पाण्डेय वैदिक, खिलेश्वर दुबे सहित वैदिक विद्वानों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।

## एम्स के डॉक्टरों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग का कटा हाथ जोड़ा, पैराकुट्टी मशीन में कट गया था

रायपुर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर के डॉक्टरों ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति का कटा हुआ हाथ जोड़कर चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मरीज का बायां हाथ धान की भूसी (पैडी हस्क) मशीन के चलती बेल्ट में फंस जाने से कोहनी के नीचे से कट गया था। घटना के लगभग दो घंटे के भीतर मरीज को अस्पताल लाया गया। कटा हुआ हाथ सही तरीके से बर्फवाले डिब्बे में सुरक्षित रखा गया था, जिससे सर्जरी सफल होने की संभावना बढ़ गई। प्रारंभिक उपचार के बाद मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। लगभग 8 घंटे चली इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष ने किया। चोट गंभीर होने के कारण सर्जरी काफी चुनौतीपूर्ण थी। डा संडीप नेमा के नेतृत्व में ऑर्थोपेडिक टीम ने हड्डी को छोटा कर उसे ठीक से जोड़ा। एनेस्थीसिया टीम ने ऑपरेशन के दौरान मरीज की स्थिति को स्थिर बनाए रखा। प्लास्टिक सर्जरी टीम के अन्य सदस्यों ने मिलकर हाथ में दोबारा रक्त प्रवाह शुरू किया और उसे सुरक्षित रूप से जोड़ने में सफलता पाई। मरीज को बाद में दो और सर्जरी से गुजरना पड़ा और लगातार निगरानी में रखा गया। एक महीने बाद, मरीज का हाथ ठीक तरह से रक्त प्रवाह के साथ काम कर रहा है और घाव लगभग भर चुका है। हड्डी को पूरी तरह जुड़ने में लगभग 2 महीने और लग सकते हैं, जबकि हाथ की पूरी कार्यक्षमता लौटने में अधिक समय लग सकता है। डॉक्टरों ने बताया कि ऐसी स्थिति में मरीज और कटा हुआ अंग 6 घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचना और अंग को बर्फमें सही तरीके से सुरक्षित रखना बेहद जरूरी होता है।

## धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के खिलाफ याचिका रद्द

रायपुर। धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को संविधान के अनुच्छेदों का उल्लंघन बताते हुए असंवैधानिक घोषित कर निरस्त किए जाने की याचना की गई थी,उसे हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया है। हाईकोर्ट में इस याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य के महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने इस याचिका की ग्राह्यता पर आपत्ति जताई थी,और याचिका को ख़ारिज करने का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट में चीफजस्टिस तथा जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने इस याचिका की सुनवाई की।यह याचिका अमरजीत पटेल की ओर से अधिवक्ता ज्ञानेंद्र कुमार महिलांग ने पेश की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने याचिका की ग्राह्यता को चुनौती देते हुए कोर्ट से कहा कि,यह याचिका इस समय विधि विचारण की पात्रता नहीं रखती,यह ग्राह्य होने योग्य ही नहीं है।याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह कहा कि, राज्य सरकार ने अभी तक प्रवर्तन की तिथि अधिसूचित नहीं की है इसलिए अधिनियम को चुनौती प्रीमैच्योर याने समय पूर्व देना पाया गया अतः याचिका ख़ारिज की जाती है। छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम को 19 मार्च 2026 को विधानसभा ने पारित किया और फिर 10 अप्रैल 2026 को यह अधिसूचना प्रकाशित की गई जिसमें यह शब्द थे -क्रमांक 767/डी 50/21-अ/प्रारु/छग/26 -छत्तीसगढ़ विधानसभा का निम्नलिखित अधिनियम जिस पर दिनांक 6 अप्रैल 2026 को राज्यपाल की अनुमति प्राप्त हो चुकी है।एतद द्वारा सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है। सामान्य रुप से यह मानते हुए कि राज्यपाल की अनुमति प्राप्त होते ही कोई विधेयक कानून बन जाता है,मीडिया के अलग अलग माध्यमों में यह खबर छप गई कि विधेयक कानून के रूप में लागू किया जाता है। जबकि इस हड़बड़ी और ब्रेकिंग के फेर में वह अहम तथ्य नहीं देखा गया जिसका ज़िक्र विधेयक के सेक्शन 1 के सब सेक्शन तीन में स्पष्ट रुप से है।विधेयक के अध्याय 1 के सब सेक्शन तीन में यह लिखा गया है यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा,नियत करे और इस अधिनियम के भिन्न भिन्न उपबंधों के लिये भिन्न भिन्न तारीख़ें नियत की जा सकेंगी।

## प्राचार्य संघ विभिन्न समस्याओं को लेकर लामबंद

**रायपुर,24 अप्रैल।** अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ की आज विभिन्न समस्याओं को लेकर दुर्गा महाविद्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में रविशंकर शुक्ल विश्विद्यालय से सम्बद्ध राजधानी के लगभग 25 से अधिक महाविद्यालयों के प्राचार्यो ने हिस्सा लिया। बैठक में एकेडमीक कैलेंडर के परिपालन में विलंब के दृष्टिगत हायर सेकेंडरी के परिणाम घोषित होते ही शासकीय विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने शासन से मांग करने का निर्णय लिया। यह भी निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सेमेस्टर परीक्षा जून में भीषण गर्मी को देखते हुए दो पाली की परीक्षा को छुट्टी के अंतराल में एक ही पाली में किया जाय।

निजी महाविद्यालय के शासी निकाय में अनिवार्य रूप से निजी महाविद्यालय के नियमित प्राचार्यो व वरिष्ठ प्राधायपको को सम्मलित किया जाय व महाविद्यालयिन परीक्षा में पारिश्रमिक बढ़ाया जाय, दो वर्ष पूर्व तक परीक्षा के समय सारणी जारी करने के पूर्व महाविद्यालय व विश्विद्यालय के वरिष्ठ प्राधायपको की एक कमेटी बनाई जाती थी जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो वर्तमान में यह व्यवस्था बदल दी गयी है। परिणाम स्वरूप समय सारणी में कई विषयों की परीक्षा का उल्लेख नही है जिससे विश्विद्यालय के कार्यप्रणाली पर पूर्णतः विश्वास नहीं हो पाता विगत कई परीक्षाओ में इसकी पुरावृत्ति देखने को मिल रही है। इन सहित विभिन्न विषयो को लेकर प्राचार्य संघ कल कुलपति से मुलाकात की। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ मेघेश तिवारी प्राचार्य विप्र महाविद्यालय, डॉ प्रतिभा मुखर्जी दुर्गा महाविद्यालय, डॉ युलेंद्र राजपूत अग्रसेन महाविद्यालय, डॉ संगीता घई डागा कॉलेज, डॉअनिल तिवारी दिशा कॉलेज, डॉ राजेश अग्रवाल गुरुकुल महाविद्यालय, डॉ कुलदीप दुबे पेलोटी कॉलेज, डॉ मनोज मिश्रा

**प्रवचन** | अब सुबह 7 बजे से खुलेंगे केंद्र, बच्चों की उपस्थिति 2 घंटे ही

# आंगनबाड़ी के समय में बड़ा बदलाव

**रायपुर, 24 अप्रैल।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने अहम फैसला लिया है। बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के निर्देश पर ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। अब 01 अप्रैल से 30 जून 2026 तक केंद्र सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक संचालित होंगे।

**बच्चों की उपस्थिति का समय घटाया गया :** भीषण गर्मी से बचाव के लिए 23 अप्रैल से 30 जून 2026 तक बच्चों की उपस्थिति सिर्फ सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक तय की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय कम होने के बावजूद बच्चों की शिक्षा और पोषण सेवाओं



की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सुबह 11 बजे तक अन्य जरूरी सेवाएं जारी रहेंगी। अपने निर्धारित कार्यों का समय पर निष्पादन करेंगी। केंद्र बंद होने के बाद घर-घर जाकर गृहभेंट के माध्यम से पोषण परामर्श देंगी। गर्मी के बीच बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। किसी भी तरह की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी। सभी जिला अधिकारियों को व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करने और समीक्षा बैठकों में प्रगति की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जुलाई से फिर सामान्य समय

ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 01 जुलाई 2026 से आंगनबाड़ी केंद्र फिर से अपने पुराने समय (सुबह 9:30 बजे से 3:30 बजे तक) संचालित होंगे। कुल मिलाकर, यह फैसला बच्चों को तेज गर्मी और लू से बचाने के लिए लिया गया है, ताकि उनकी सेहत और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सके।

## राघव चड्ढा समेत 3 राज्यसभा सांसद का भाजपा में शामिल

चंडीगढ़। पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर आप से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। राघव चड्ढा सहित दो और सांसद बीजेपी ज्वाइन करेंगे। संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सांसद राघव चड्ढा ने कहा, ÷हमने फैसला किया है कि राज्यसभा में आम आदमी पार्टीके हम दो-तिहाई सदस्य भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे।

सांसद राघव चड्ढा ने कहा, जिस आम आदमी पार्टी को मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल सिद्धांतों से भटक गई है। अब यह पार्टीराष्ट्र के हित में नहीं, बल्कि अपने निजी लाभ के लिए काम करती हैज पिछले कुछ वर्षों से मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं गलत पार्टी में सही आदमी हूं।

# अफीम के नशे में चल रही सरकार : बैज

**रायपुर, 24 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का बेहद आश्चर्यचकित करने वाला आदेश आया है, पहले सरकार ने 21 अप्रैल को आदेश निकाला था कि शासकीय कर्मचारियों को किसी भी राजनैतिक दल एवं सामाजिक संगठन में भाग लेने पर प्रतिबंध है। लेकिन उसके बाद आदेश 22 अप्रैल को आदेश आया कि 21 अप्रैल का आदेश था उसमें आगामी आदेश तक रोक लगाया जाता है। नये आदेश के बाद आज की तारीख में छत्तीसगढ़ में कोई भी कर्मचारी राजनैतिक दल का सदस्य बन सकता है, सामाजिक संगठन का सदस्य बन सकता है। सरकार का आदेश अपने ही नियम को धता बताने वाला है। इस आदेश से पता चलता है कि या तो सरकार अफीम खाकर चल रही या फिर अनाड़ी लोगों के दबाव में चल रही है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने 21 अप्रैल के आदेश को क्यों निकाला था, जबकि यह तो स्थापित नियम है शासकीय कर्मचारी अपने सर्विस रूल के अनुसार किसी भी राजनैतिक एवं गैर राजनीतिक संगठन के कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सकता, इस आदेश को देखकर लग रहा था भाजपा सरकार का एक वर्ग आरएसएस को टारगेट करना चाह रहा था, यह वर्ग सरकार में आरएसएस के हस्तक्षेप से नाराज है, इसीलिए यह आदेश निकाला गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार का नया आदेश आरएसएस के नाराज होने के बाद यह आदेश निकाला गया है कि इस आदेश में पुराने नियमों की धज्जियां उड़ाई गई है क्योंकि प्रतिबंध लगायेंगे तो आरएसएस गतिविधियों में शासकीय कर्मचारी नहीं जा पायेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26